कार्तिक कृष्ण पक्ष 8 , 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08 , अंक - 121 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
24 अक्टूबर 2024 गुरुवार

**आज का मौसम**
31 अधिकतम
22 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### उपचुनावों की सरगर्मी बढ़ी, बुधनी में भाजपा सांसत में

# बुधनी व विजयपुर में रोड शो नामांकन के बीच डैमेज कंट्रोल


फाईल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के दो विधानसभा क्षेत्रों में आज से चुनावी सरगर्मी बढ गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विजयपुर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री रामनिवास रावत का पर्चा दाखिल कराया है। वहीं मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधनी में कांग्रेस उम्मीदवार राजकुमार पटेल का नामांकन दाखिल करा रहे हैं। दोनों स्थानों पर सभा भी हुई।

उधर बुधनी में भाजपा उम्मीदवार रमाकांत भार्गव का विरोध जारी है। राजेंद्र सिंह इसकी कमान थामे हुए हैं और इस मामले में आज का दिन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। सूत्रों की मानें तो भाजपा आज मप्र से लेकर दिल्ली तक इस मामले में एक बार फिर विचार कर रही है, माना जा रहा है कि यह विचार टिकट बदलने या फिर भार्गव पर भी दांव जारी रखने पर हो रहा है।


दरअसल भार्गव इससे पहले विदिशा से सांसद रहे हैं, अब इस सीट पर शिवराज सिंह चौहान के निर्वाचित होने के बाद उन्हें बुधनी से टिकट दिया गया है। बुधनी में उनके खिलाफ भारी मात्रा में भाजपाई लामबंद हो गये हैं। भार्गव को 'बाहरी' भी बताया जाने लगा है। अंदरखाने शिवराज समेत कई भाजपा नेता इस मामले में डैमेज कंट्रोल की कोशिश में जुटे हैं।

## सीएम का रोड शो, वीडी व तोमर भी साथ

भाजपा ने विजयपुर में रावत के लिये पूरा चुनाव प्रबंधन अपने हाथ ले रखा है। इसीलिये आज सीएम यादव के साथ भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और विस अध्यक्ष नरेंद्र तोमर भी साथ में हैं। वजह यह है कि कांग्रेस ने विजयपुर में पूरी ताकत से चुनाव लडने की तैयारी कर रखी है। वहां आदिवासी वर्ग से मुकेश मल्होत्रा को उम्मीदवार बनाया गया है। विजयपुर पहुंचकर भाजपा नेता पहले स्थानीय श्रीफाटक वाले हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन को पहुंचे। फिर रोड शो हुआ। मुख्यमंत्री आज विजयपुर में समाज के विभिन्न वर्ग के प्रतिनिधियों से भी चर्चा कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि विजयपुर से पिछले विधानसभा चुनाव में रावत कांग्रेस के ध्वज तले विधायक चुने गए थे, लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें राज्य सरकार में मंत्री बनाया गया। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा से भी त्यागपत्र दे दिया है।

## *लगाम लगाओ* नारे के साथ मैदान में कांग्रेस



आज बुधनी में पटेल का नामांकन दाखिल कराने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि भाजपा के अहंकार व झूठ पर अब बुधनी और विजयपुर की जनता लगाम लगाने वाली है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को तीन हजार देने के अलावा कई वादे भाजपा सरकार ने पूरे नहीं किये हैं। जनता से कांग्रेस भी प्रार्थना करेगी कि भाजपा पर लगाम लगेगी तो उपज के सही दाम मिलेंगे और अन्य सुविधा मिलेगी। पटवारी ने कहा कि हमें भी पता है कि इन दो सीटों से सरकार को पर कोई फर्क नहीं पडेगा लेकिन जनता चाहेगी तो भाजपा सरकार लाइन पर आ जायेगी और जो बोला है वह करने पर मजबूर होगी।

## भाजपा ने उप्र में 8 उम्मीदवार उतारे

उप्र में उपचुनाव के लिए आज भाजपा ने आठ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। गाजियाबाद से संजीव शर्मा को टिकट दिया है तो करहल से अनुजेश यादव, कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, खैर सीट से सुरेंद्र दिलेर, फूलपुर से दीपक पटेल , कटेहरी धर्मराज निषाद और मझवा से सुचिस्मिता मौर्या को टिकट दिया है। सीसामऊ और मीरापुर, दो ऐसी सीटें हैं जहां से पार्टी ने अभी कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवारों को लेकर सपा से तनातनी जारी है।

## महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन के पेंच दिल्ली में सुलझा रहे अमित शाह



महाराष्ट्र में महायुति खेमे की तरफ से दिल्ली में आज हलचल है। महाराष्ट्र के दोनों डिप्टी सीएम- देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार दिल्ली पहुंचे हैं और सीएम एकनाथ शिंदे भी आ रहे हैं। तीनों फाइनल बातचीत के लिए अमित शाह से मिल रहे हैं। दरअसल महाराष्ट्र की कुछ सीटें ऐसी है जहां तीनों सहयोगी दावा कर रहे है। मसलन आष्टी विधानसभा क्षेत्र में एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक बालासाहेब आसबे एमएलए है, लेकिन वहां बीजेपी के सुरेश धस चुनाव लड़ना चाहते हैं। ऐसे कई मामले हैं। तीनों दल दावा कर रहे हैं कि ये सभी मसले आज की बैठक में सुलझा लिए जाएंगे। दूसरी तरफ कांग्रेस,राकांपा व शिवसेना ने 85-85 टिकट का फार्मूला बना लिया है।

# केंद्र ने बढ़ाया डीए, मप्र सरकार पर बढ़ा कर्मचारियों का दबाव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### दीवाली के पहले ऐलान की कोशिश



केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 50 से बढ़ाकर 53 प्रतिशत करने से अब मप्र सरकार पर भी अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि का दबाव बन गया है। माना जा रहा है कि सरकार को दीवाली के पहले इस आशय की घोषण करेगी। हालांकि वित्तीय स्थिति और अन्य पहलुओं पर भी अफसरों ने विचार शुरू कर दिया है। इस वक्त प्रदेश के कर्मचारियों को अभी 46 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। जबकि, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को जनवरी 2024 से 50 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। भारत सरकार द्वारा तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने से अंतर सात प्रतिशत का हो गया है। कर्मचारी संगठन इसका विरोध कर रहे हैं।

उधर कर्मचारी संगठनों ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मिलकर इस बार सात प्रतिशत महंगाई भत्ता दीपावली के पहले बढ़ाने की मांग साफ शब्दों में रख दी है। इनमें भारतीय मजदूर संघ और राज्य कर्मचारी संघ के नेता भी थे। देवडा का कहना है कि सरकार कर्मचारियों के हितों को लेकर संवेदनशील है। जल्द ही मुख्यमंत्री से चर्चा व वित्त अफसरों से बैठक की जाएगी।

## कार का टायर फटा, नाले में गिरी, पांच मौत

**सिरोही।** राजस्थान के सिरोही जिले में आज सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल है। हादसे में कार अनियंत्रित होकर पलटी थी और नाले में जा गिरी। हादसा उस समय हुआ जब कार में सवार एक परिवार गुजरात से जोधपुर की ओर जा रहा था। कार के आगे का टायर अचानक फट गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करते हुए नाले में जा गिरी। यह दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक बच्चा शामिल हैं। यह सभी फलोदी के खारा गांव के निवासी थे।

### रोज जोरदार शुरूआत और फिर गिरावट

## सेंसेक्स-निफ्टी ने फिर निवेशकों को दिया गच्चा, दोनों टूटे

**मुंबई, एजेंसी।**

भारतीय शेयर बाजार इस दिनों लगातार निवेशकों 'चकमा' दे रहा है। दरअसल, मार्केट ओपन होने के साथ सेंसेक्स-निफ्टी जहां जोरदार तेजी के साथ ओपनिंग करते हैं और कुछ ही देर में ये तेजी गिरावट में बदल जाती है फिर आखिर में दोनों इंडेक्स बुरी तरह टूटकर बंद होते हैं। आज भी यही स्थिति देखने को मिली। सेंसेक्स शुरुआत में 135 अंक उछला, तो कुछ ही मिनटों में ये 227 अंक फिसल गया। जबकि सुस्त ग्लोबल संकेतों के बीच भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इंडेक्स ग्रीन जोन में ओपन हुए थे। सेंसेक्स ही नहीं, शुरू में तो निफ्टी भी इसके कदम से कदम मिलाकर चलता हुआ नजर आया मगर करीब 90 अंक की गिरावट के साथ फिसलकर 24,341.20 के लेवल पर आ गया। कल भी निफ्टी 37 अंक टूटकर 24,435 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 138 अंक टूटकर 80,081 पर क्लोज हुआ था

### ओडीसा की तरफ बढा, बंगाल भी अलर्ट पर

# दाना लाएगा जबर्दस्त पानी और आपदा !

**कोलकाता,भुवनेश्वर , एजेंसी।**

जोरदार चक्रवाती तूफान 'दाना' से निपटने के लिए सरकार और उसकी एजेंसियों ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इन्ही व्यवस्थाओं के दम पर 'दाना' के डर का खात्मा करने की कोशिश हो रही है। इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ को मुस्तैद किया गया है। बंगाल की खाड़ी में बना गंभीर चक्रवाती तूफान आज,शाम ओडिशा के तट से टकराने वाला है। जिसकी रफ्तार 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, इस चक्रवाती तूफान की वजह से ओडिशा और बंगाल में तेज हवाएं चलेंगी और भारी बारिश होगी। 24 से 26 अक्टूबर तक इस चक्रवात का असर कई राज्य खासकर ओडिशा और बंगाल तटीय इलाकों में देखने को मिलेगा।

### रेड अलर्ट, ट्रेनें फ्लाइट थमीं

ओडिशा के पुरी, खुर्दा, गंजम और जगतसिंहपुर जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है. वहीं, बंगाल के दक्षिण 24 परगना और मिदनापुर ज़िलों में अलर्ट है। मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। रेलवे ने 150 से अधिक एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कोलकाता एयरपोर्ट पर आज शाम 6 बजे से कल सुबह 9 बजे तक विमान सेवा पर भी रोक लग गई है। दोनों राज्यों की सरकारों ने लोगों को खतरे वाले इलाकों से निकालना शुरू कर दिया है और शैक्षणिक संस्थानों को बंद कर दिया है।

### अभी कहां है तूफान

मध्य और समीपवर्ती उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' पिछले 6 घंटों के दौरान 12 किमी प्रति घंटे की गति के साथ सुबह उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया है। अनुमान है कि तूफान दाना पुरी के बीच उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल तटों से टकराएगा।

## कश्मीर में फिर प्रवासी मजदूर को गोली मारी

**श्रीनगर, एजेंसी।**



जम्मू-कश्मीर में फिर 'गैर कश्मीरी' पर आतंकी हमला हुआ है। इस बार आतंकियों ने पुलवामा में मजदूर को निशाना बनाया। गोली लगने से मजदूर घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। खबरों के मुताबिक, त्राल इलाके में आज सुबह आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के एक मजदूर को गोली मारी। वह बिजनौर निवासी है व उसका नाम प्रीतम सिंह बताया गया है। मजदूर के हाथ में गोली लगी है। पिछले एक सप्ताह में कश्मीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर लगातार हमले हो रहे है। इससे पहले, गांदरबल में श्रीनगर-लेह हाईवे पर सोनमर्ग के पास गगनगीर इलाके में जेड मोड़ सुरंग निर्माण कर रही कंपनी में कार्यरत प्रवासी मजदूरों पर रविवार की रात आतंकियों ने हमला कर एक डॉक्टर और छह मजदूरों की हत्या कर दी थी।

## सीहोर में हादसा, ट्रक को बस ने मारी टक्कर, एक मौत

**सीहोर।** आज सुबह सीहोर के पास सैकड़ाखेड़ी गांव के पास इंदौर-भोपाल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सूरत से भोपाल की ओर जा रही एक यात्री बस सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में बस में सवार एक यात्री की मौत हो गई, वहीं एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को उपचार के लिए सीहोर अस्पताल रवाना किया गया है।जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर सड़क किनारे अपना वाहन खड़ा कर उसका टायर बदल रहा था, तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही बस ट्रक में जा घुसी। हादसे की वजह से बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## तेंदुए को ललकारना भारी पड़ा पुलिस के एएसआई को



**शहडोल , एजेंसी।**

बीते दिनों शहडोल में तेंदुए के हमले में घायल पुलिस के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर की हालत अब खतरे से बाहर है,हांलाकि उनके चेहरे और सिर पर चालीस टांके आए हैं लेकिन अब इस घटना के दो दिन बाद हमले का जो वीडियो सामने आया है, उसे देखकर समझा जा सकता है कि उस दिन तेंदुए ने हमला क्यों किया था? शहर से 20 किलोमीटर दूर खितौली गांव के पास सोन नदी के किनारे उस दिन कई लोग पिकनिक मना रहे थे। युवाओं के समूह में कुछ युवक नदी से सटे जंगल की तरफ चले गए. जहां उन्हें झाड़ियों से झांक रहा तेंदुआ दिखा। खतरे को नजरअंदाज करते युवक वीडियो बनाने लगे। तभी ग्रुप के एएसआई नितिन समदरिया बहादुरी दिखाते हुए हाथ में डंडा लेकर सबसे आगे होकर तेंदुए को ललकारने लगे। इससे तेंदुआ भड़का और झाड़ियों से निकलकर एएसआई पर झपट्टा मार दिया।

**मेट्रो एंकर**

### साक्षी की किताब 'विटनेस' की चर्चा, सभी की खोली पोल

# *दीदी तुमको कुछ न मिला*..फोगाट बहनों में अब शुरू हुई जुबानी रेसलिंग








**दिल्ली , एजेंसी।**

भारतीय रेसलर साक्षी मलिक की आत्मकथा 'विटनेस' को लेकर कई और सुर भी उभरने लगे हैं। इस किताब को लेकर साक्षी ने बबीता फोगाट से लेकर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया पर कई खुलासे किए हैं। मगर अब बीजेपी नेता और पूर्व पहलवान बबीता फोगाट ने भी साक्षी का नाम लिए बिना उन पर तंज कसा है कि 'दीदी तुमको कुछ नहीं मिला, ऐसे में तुम्हारा दर्द समझा जा सकता है।' दरअसल, साक्षी ने पहलवानों के दिल्ली में हुए प्रदर्शन को लेकर बबीता फोगाट पर बड़ा आरोप लगाया था। उन्होंने बबीता पर खिलाड़ियों को आंदोलन के लिए उकसाने की बात कही थी और उन्होंने कहा था कि बबीता का इरादा भारतीय कुश्ती संघ की अध्यक्ष बनने का था।

अब घटनाक्रम के बीच बीजेपी नेता और पूर्व पहलवान बबीता फोगाट ने एक एक्स पर लिखा कि विनेश और बजरंग का नाम लिए बगैर इशारों-इशारों में सभी पर तंज कसते हुए लिखा- खुद के किरदार से जगमगाओं, उधार की रोशनी कब तक चलेगी, किसी को विधानसभा मिला किसी को मिला पद, दीदी तुमको कुछ न मिला हम समझ सकते है तुम्हारा दर्द। किताब बेचने के चक्कर में तुमने ईमान बेच दिया। ज्ञात हो कि बबीता फोगाट भाजपा में हैं और 2019 में बबीता ने प्रोफेशनल रेसलिंग से रिटायरमेंट ले लिया था। चरखी दादरी से चुनाव भी वे लड़ी लेकिन हार गई। बबीता ने राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और फिर स्वर्ण जीता था।

### सबका स्वार्थी एजेंडा था...

विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने पिछले साल जंतर-मंतर पर WFI के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ आंदोलन किया था। साक्षी के मुताबिक वो प्रदर्शन बबीता के कहने पर हुआ था। साक्षी की मानें तो उस प्रदर्शन में बबीता का अपना एजेंडा शामिल था। वह बृजभूषण सिंह को हटाकर खुद अध्यक्ष बनना चाहती थीं। इस किताब में उन्होंने बबीता फोगाट पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने करीबी दोस्त विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया की भी पोल खोली। साक्षी के मुताबिक विनेश और बजरंग के स्वार्थी फैसलों की वजह से पहलवानों को इस आंदोलन से कुछ फायदा नहीं हुआ था।

# दीपोत्सव की तैयारी







भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी में दीपावली की तैयारी अंतिम चरण में है। लक्ष्मी जी की मूर्ति व दिए बनाए जा रहे हैं।

## एक्वीफर रिचार्ज न होने पर चिंता

### भूजल बचाने सभी निकायों में बनेंगे एक्वीफर मैनेजमेंट प्लान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहरों में सीमेंट-कांक्रीट के निर्माण से भूजल के भंडार (एक्वीफर) खत्म हो रहे हैं। कई जगह ये रीचार्ज होना बंद हो गए हैं। ऐसे में बड़े प्रोजेक्ट से पहले शहर का हाइड्रोजियोलोजिकल मैप बनाना जरूरी है। एक्वीफर को बचाकर भूजल संरक्षित किया जा सकेगा। विशेषज्ञों ने यह बातें नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा मंगलवार को भू-जल संसाधन के प्रबंधन और संरक्षण विषय पर कार्यशाला में कहीं। कार्यशाला में सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के वैज्ञानिकों के साथ कंसल्टेंट ने सभी निकायों में एक्वीफर मैनेजमेंट प्लान बनाने का प्रशिक्षण दिया। बताया कि एक्वीफर एक प्रकार की पारगम्य चट्टानें होती हैं जो पानी अवशोषित कर एकत्रित करके रखती हैं। पहले चरण में एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों के प्लान बनाए जा रहे हैं। इसके बाद अन्य निकायों के प्लान बनाए जाएंगे। कंसल्टेंट के जरिए शहर भूजल की स्थिति का विश्लेषण कराया जाएगा। सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के वैज्ञानिकों ने बताया कि मप्र में मानसूनी और गैर मानसूनी बारिश से 76 प्रतिश भूजल रीचार्ज होता है। नहरों से रिसाव, सिंचाई, तालाबों, पोखरों और जल संरक्षण संरचनाओं से 24 प्रतिशत रीचार्ज होता है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। प्रदेश में सभी स्त्रोतों से साल में कुल भूजल रीचार्ज 35.47 बिलियन क्यूबिक मीटर या बीसीएम है। जबकि साल में कुल 19.30 बीसीएम पानी निकाला जा रहा है।

## बदमाशों ने महिला का मकान तोड़ा, दिए जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर की अद्वितीय धरोहर और आधुनिक विकास को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए क्रेडाई भोपाल द्वारा एक महत्वपूर्ण सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे का उद्देश्य यह जानना है कि कौन-सी विशेषताएं भोपाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ा कर सकती हैं। सर्वे में शहरवासियों को वोट देने का मौका दिया जा रहा है ताकि वे इस बात पर अपनी राय दे सकें कि शहर की कौन-सी धरोहर या शहरी योजना को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**इस सर्वे में तीन प्रमुख विकल्प दिए गए हैं:** पाषाण कालीन शैल चित्र- 30,000 ईसा पूर्व से रहने योग्य स्थान। राजा भोज की नगर योजना- 1010 ईस्वी में स्थापित भोजपाल नगर तथा . सबसे बडा लैंड लॉक एरिया 500 किलोमीटर के दायरे में सबसे ज्यादा अर्बन फुटप्रिंट्स। सर्वे के आयोजकों का कहना है कि जनता की राय से यह तय हो सकेगा कि भोपाल की वैश्विक पहचान किस दिशा में बढ़ेगी। यह सर्वे सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि शहर के भविष्य को आकार देने के लिए है। जनता से अपील की गई है कि वे इस पोल में अपनी राय देकर भोपाल की पहचान को मजबूत करें।

# हवा सुधारने का नया मंसूबा अब कचरा जलाने पर रोक

## हर वाहन की होगी पीयूसी जांच, धूल उड़ी तो नगर निगम जिम्मेदार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में धूल न उड़ने के लिए नगर निगम को इंतजाम करने होंगे। एयर क्वालिटी इंडेक्स की त्रैमासिक रिपोर्ट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बनाएगा। इसके अलावा शहर के हॉट स्पॉट क्षेत्रों की तीसरे माह के पहले सप्ताह में मॉनीटरिंग करनी होगी। शहर वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सभी वाहनों को पीयूसी जांच व सर्टिफिकेट अनिवार्य कर दिया गया है।



### अनफिट वाहनों पर कार्रवाई

जिला प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ हुई बैठक में आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस को अनफिट वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर मेसर्स एआरआई पुणे की एक स्टडी के आधार पर शहर के प्रदूषण के संबंध में जानकारी भी दी गयी।

### हवा की गुणवत्ता सुधारने उठाया कदम

- रेस्टोरेंट, होटलों के तंदूर ठेलों पर अनाधिकृत ईंधन का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है।
- पराली जलाने पर किसानों पर होगी कार्रवाई। जागरुकता अभियान चलाना होगा।
- नगर में हॉट स्पॉट एवं धूल उडने़ के स्थानों पर जल छिडड़ाव और हर रोज सफाई करनी होगी।
- कचरा जलाने पर पूरी तरह से रोक, निरीक्षण बढ़ाया जाएगा।
- प्रदूषणकारी उद्योगों के विरुद्ध चलेगा अभियान।
- सड़कों का निर्माण व रखरखाव, गड्ढों का होगा भराव।
- हर माह पीयूसी चेक एवं अनफिट वाहनों को हटाया जाएगा। इसका अभियान चलेगा।
- सड़कों की धूल से पी.एम. 10-62.2 प्रतिशत, पी.एम. 2.5-38 प्रतिशत यातायात परिवहन पी.एम. 10-13 प्रतिशत, पी.एम. 2.5-29 प्रतिशत अन्य पी.एम. 10-24.8 प्रतिशत, पी.एम 2-33 प्रतिशत

## संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक मॉडल के बारे में स्टूडेंट्स को बताया

### संत कॉलेज में एमयूएन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में एमयूएन अकादमी के द्वारा एमयूएन में पहली बार भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, मुख्य वक्ता के रूप में प्रबल बाफना विषय विशेषज्ञ, प्रशिक्षक, एम. यू. एन. अकादमी और संदीप पंजाबी, समन्वयक, एम. यू. एन. अकादमी थे। प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान करना है जिससे वह एम. यू. एन. में भाग लेकर व्यक्तिगत और शैक्षणिक ज्ञान को समृद्ध करें। इसमें सहभागिता करने वाले विद्यार्थी वैश्विक दृष्टिकोण, नेतृत्व, संवाद, समस्या का समाधान, अनुसंधान एवं विश्लेषण आदि गुणों को विकसित कर सकेंगे। कार्यक्रम में बाफना ने बताया कि संयुक्त राष्ट का एक शैक्षिक मॉडल (एमयूएन) क्या है? किस प्रकार कार्य करता है और क्यों महत्वपूर्ण है? साथ



ही एम. यू. एन. के लिए शोध करने के लिए प्रमुख वेबसाइट बताई। आपने पोजिशन पेपर, ड्राफ्ट, रेजोल्यूशन बिल बनाने का तरीका, संयुक्त राष्ट्र एवं भारत के नियम और प्रक्रियाएं, प्रारंभिक बयान, प्लग कार्ड, व्यक्तिगत विशेषाधिकार, संसदीय जांच, ऑर्डर अगेंस्ट ब्यूरो तथा विविध नियमों के बारे में विस्तार से उदाहरण देकर समझाया। सत्र के अंत में विद्यार्थियों के प्रश्नों के समाधान प्रस्तुत किये गए।

## हर माह की 22 तारीख को राम नाम की रट लगाते हैं बच्चे

**हिरदाराम नगर.** साधु वासवानी स्कूल में प्रतिमाह विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा रामधुन लगाई जाती है। संतजी के शिष्य सिद्धभाऊजी ने रामधुन लगाने का आव्हान किया था, तब से अब तक हर माह रामुधनी की आयोजन होता है, ऐसा करते हुए 10 माह हो चुके हैं। 22 जनवरी 2024 में जब अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना हुई थी तब इस अवसर पर शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने सिद्धभाऊजी के इस मूलमंत्र को साकार रुप दिया है। हर माह 22 तारीख को रामधुन का आयोजन किया जाता है। गेहानी ने कहा कि बचपन से सनातन के संस्कार डालने की दिशा में इस तरह के कदम जरूरी है। बचपन के संस्कार पूरे जीवन साथ रहते हैं। रामुधनी में बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी हिस्सा लिया। रामधुन की शुरूआत भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण के साथ एवं समापन आरती के साथ हुआ।



**- सिद्धभाऊजी के आव्हान पर हुई है परंपरा की शुरूआत**

## जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता की ट्रॉफी जवाहर लाल कॉलेज ने जीती



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के साधु वासवानी (स्वशासी) महाविद्यालय में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जवाहर लाल कॉलेज की टीम विजेता रही, प्रतियोगिता में जिले के महाविद्यालयों की 11 टीमों ने भाग लिया था। सेमी फाइनल मैच जवाहर लाल नेहरू और आईपर कॉलेज एवं बी.एस.एस और रीज़नल कॉलेज की टीम के बीच हुआ। जवाहर कॉलेज और रीजनल कॉलेज ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच जवाहर कॉलेज और रीज़नल कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें जवाहर लाल कॉलेज की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम को महाविद्यालय के अध्यक्ष दयालदास डेटानी एवं महासचिव राजेन्द्र मनवानी, प्राचार्य डॉ ए.के.सिंह, डायरेक्टर डॉ डी.के. दुबे, आयोजक सचिव जगतार सिंह के द्वारा पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। जवाहर कॉलेज के डायरेक्टर आसिफ डेकी, प्राचार्य डॉ वाय.पी.सिंह द्वारा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया। चयन समिति के सदस्य डॉ सतीश कुमार, डॉ वी.एस. राय, योगेन्द्र पुरोहित, वसीम खांन द्वारा संभाग स्तर की टीम के लिए चयन किया गया। प्रतियोगिता के अंत में डॉ बी.डी. पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया।

## सिक्सलेन होगी नीलबड़ से बरखेड़ा नाथू रोड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** नीलबड़ से बरखेड़ा नाथू की ओर चार लेन प्रस्तावित मार्ग अब सिक्सलेन बनाया जाएगा। डीपीएस चौराहे से मेंडौरी होते हुए हरिनगर -नीलबड़ नमो शिवाय मार्ग से आगे तक सड़क बनेगी। एमपीआरडीसी इसे बनाएगा। नीलबड़ चौराहे पर जाम की समस्या इससे दूर होगी। विधायक रामेश्वर शर्मा ने निरीक्षण किया और काम शुरू करने के निर्देश दिए। नीलबड़ क्षेत्र के बरखेड़ा नाथू में इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। ऐसे में आवागमन संबंधी गतिविधियाँ बढ़ेंगी, इसलिए स्टेडियम के आसपास के सभी रास्तों को अधिकतम चौड़ा किया जा रहा है। नगर निगम को भी यहां व्यवसायिक गतिविधियों के लिए अलग से प्लान तैयार करने का कहा गया है।

**मेट्रो एंकर**

### नवनिध स्कूल में आईपीएस आशिमा का प्रेरक सत्र

## यूपीएससी की तैयारी के समय विचलन से दूर रहें:आशिमा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नवनिध स्कूल में 'साहस और प्रतिबद्धताः एक आईपीएस अधिकारी का बनना' विषय पर प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की मुख्य वक्ता आईपीएस अधिकारी आशिमा वासवानी थीं, जिन्होंने अपने अनुभवों और ज्ञान को छात्राओं के सामने रखा। आशिमा ने कहा कि उन्होंने अपने भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित नहीं किया था, लेकिन स्कूल और कॉलेज के दौरान 'लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित' रखने के सिद्धांत को उन्होंने अपना लिया था। उन्होंने कहा कि पढ़ाई और तैयारी के समय उन्होंने किसी भी प्रकार के विचलन से खुद को दूर रखा। उन्होंने यह भी बताया कि सफलता कोई अंतिम गंतव्य नहीं, बल्कि एक सतत यात्रा है, जिसमें छोटे-छोटे चरणों को पार करना आवश्यक है।

**सोच, दृष्टिकोण अहम:** उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आपकी सोच और दृष्टिकोण ही आपके भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने से ही सफलता संभव है। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा के विभिन्न चरणों–प्रीलिम्स, मेन्स, और पर्सनल इंटरव्यू–के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं में गहन



अध्ययन और तार्किक सोच की आवश्यकता होती है। प्रश्न-उत्तर सत्र में छात्राओं ने आईपीएस अधिकारी से कई जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

**सम्मान किया वासवानी का:** कार्यक्रम के अंत में संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने आशिमा वासवानी का शाल और श्रीफल से सम्मान किया। शिक्षिका लता मनवानी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के उप सचिव के.एल रामनानी, संस्था के डायरेक्टर एकेडमिक्स गोपाल गिरधानी, प्राचार्या अमृता मोटवानी एवं उप प्राचार्या रेखा केवलानी उपस्थित थे।

### रीवा इंडस्ट्री कानक्लेव से सरकार गदगद

# 31 हजार करोड़ का निवेश आया तो 30 हजार नए रोजगार भी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव की श्रंखला में कल रीवा में मिले रिजल्ट से मप्र सरकार खुश है और बघेलखंड में विकास के नये मौके खुलने की उम्मीद यहां मिले निवेश प्रस्ताव से कर रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कान्क्लेव को अब तक सबसे सफल आयोजन बताया व कहा कि कान्क्लेव में 31 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इससे करीब 30 हजार रोजगार के नये मौके मिलेंगे। यह आयोजन रीवा के औद्योगिक विकास के लिए क्रांतिकारी कदम साबित होगा। इसमें 10 राज्यों के निवेशकों ने भागीदारी की साथ ही 300 से अधिक वायर-सेलर मीटिंग की गईं। कार्यक्रम में 150 से अधिक विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।



दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि के बाद रीवा कान्क्लेव शुरू हुआ।

सीएम ने कहा कि पतंजलि ग्रुप उज्जैन में योग और आयुर्वेद का संस्थान बनाने जा रहा है। रीवा में पांचवीं रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव से विंध्य के विकास को नई दिशा मिलेगी। निर्यात को बड़ावा देने के लिए सिंगरौली और कटनी में कन्टेनर डिपो बनाए जाएंगे। रीवा-सतना में नवीन औद्योगिक क्षेत्रों व सिंगरौली, सीधी, मऊगंज और मैहर में एमएसएमई विभाग के औद्योगिक क्षेत्र खोले जाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजन में भाग लेने वाले सभी उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीति और सकारात्मक वातावरण की प्रशंसा की है। प्रदेश में सिद्धार्थ इन्फ्राटेक 12 हजार 800 करोड़ रुपये, ऋत्विक प्रोजेक्ट चार हजार करोड़, केजीएस सीमेंट 14 हजार करोड़, पतंजलि ग्रुप एक हजार करोड़, रामा ग्रुप 500 करोड़, सोलर एएमसी सर्विस प्रा.लि. 400 करोड़, बीपीसीएल पेट्रोकेमिकल ने 300 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है।पर्यटन को बड़ावा देने के लिए विंध्य क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। विंध्य में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का संयुक्त सोलर ग्रिप स्थापित किया जाएगा। इससे प्राप्त बिजली का दोनों प्रदेशों में आवश्यकता के अनुसार उपयोग होगा।



### निवेश के लिए इच्छुक कंपनी

इस समिट में शारदा मिनरल्स ग्रुप 225 करोड़ रुपये, एस गोयनका ग्रुप ने 200 करोड़, शिव शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी 175 करोड़ रुपये, अदाणी ग्रुप ने सिंगरौली में 2528 करोड़, जय प्रकाश पावर बेंचर 750 करोड़, एनटीपीसी ने सोलर प्लांट के लिए 103 करोड़, अल्ट्राटेक सीमेंट लि. मैहर में 3000 करोड़ रुपये और निसर्ग इस्पात सीधी में एक हजार करोड़ रुपये व अन्य उद्योगों में 2063 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव दिये हैं।

# निवेश के लिए आम लोगों को मुसीबत में डाल रही सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार निवेश बढ़ाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। मप्र के अंदर पांच बड़ी इंडस्ट्री कान्क्लेव कर चुकी है। बाहर के राज्यों में भी ये आयोजन किए जा रहे हैं ताकि औद्योगिक क्षेत्रों का ध्यान मप्र की ओर खींचा जा सके। मुख्यमंत्री मोहन यादव व उनकी सरकार इस दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। इस बीच मप्र के एक विधायक ने इस पर आपत्ति उठाई है। भारत आदिवासी पार्टी के सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार का कहना है कि रतलाम क्षेत्र में निवेश के लिए जो जमीन दी जा रही है, उससे आम नागरिकों को नुकसान होगा। मुख्यमंत्री के नाम लिखे पत्र में डोडियार ने कहा कि बिबडोद, सरवानी खुर्द,

### भारत आदिवासी पार्टी के सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने सरकार को घेरा



जामथुन, जुलवानिया, पलसोड़ी, रामपुरिया की जो 1666 हेक्टेयर सरकारी व निजी भूमि निवेश के लिए दिए जाने की योजना है, उससे आम नागरिकों का हित जुड़ा है, वे उस जमीन के माध्यम से जीवन यापन कर रोजी-रोटी चलाते हैं इसलिए उक्त जमीन को निवेश योजना से बाहर रखा जाए।

## डीजीपी के नामों का पैनल पीएचक्यू ने गृह को भेजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति प्रक्रिया तेज हो गई है। दावेदारों का प्रस्ताव पुलिस मुयालय ने गृह विभाग को भेज दिया है। विभाग ने प्रस्ताव सरकार के पास भेजा है। मंजूरी के बाद संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के पास भेजा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक अगले दो-चार दिन में शासन से मंजूरी मिल जाएगी। बता दें कि एसीएस एसएन मिश्रा ने पुलिस मुयालय से दावेदारों की सहमति के साथ प्रोफार्मा में प्रस्ताव मांगे थे।

**इनके नाम शामिल:** पुलिस मुयालय की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में नौ आइपीएस अफसर शामिल हैं। इनमें अरविंद कुमार, कैलाश मकवाना, अजय कुमार शर्मा, जीपी सिंह, योगेश देशमुख, वरुण कपूर, उपेंद्र कुमार जैन, आलोक रंजन और प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव हैं।

## भाजपा के प्राथमिक सदस्यों की देखी जा रही साफ छवि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भाजपा के प्राथमिक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हो गया। अब सक्रिय सदस्यता लगातार चल रही है। इस बीच पार्टी ने दो चरणों में प्राथमिक सदस्यता लेने वाले सदस्यों की स्क्रूटनी तैयारी शुरू कर दी है। सक्रिय सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर को समाप्त होते ही स्क्रूटनी शुरू हो जाएगी। पता लगाया जाएगा कि कहीं ऐसे व्यक्ति ने तो सदस्यता नहीं ले ली, जिस पर गंभीर आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं या पार्टी की ओर से किसी भी प्रकार की कार्रवाई की गई है या उस पर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता का मामला है। अगर ऐसे किसी व्यक्ति ने सदस्यता ले ली है तो उसे रद्द किया जाएगा। सह चुनाव अधिकारी रजनीश अग्रवाल के अनुसार 31 अक्टूबर को सक्रिय सदस्यता खत्म होने बाद स्क्रूटनी की जाएगी। दावे-आपत्ति आते हैं तो सुनवाई होगी। सदस्यता अभियान में प्राथमिक सदस्यों के सत्यापन के लिए समिति बनाई गई हैं। समिति के पास अगर कोई अनाधिकृत व्यक्ति के सदस्य बनने की शिकायत आती है तो जांच में सही पाए जाने पर तत्काल उसकी सदस्यता रद्द कर दी जाएगी। सक्रिय सदस्यों के मामले में भाजपा शुरू से ही सावधानी बरत रही है। सदस्य बनने वालों से फॉर्म में आपराधिक मामलों से लेकर बैकग्राउंड तक की जानकारी ली जा रही है। उसके बाद जिला समिति सत्यापन कर ही सक्रिय सदस्य बना रही है। इसमें भी अगर किसी भी प्रकार की वाद- विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। तो अंतिम निराकरण प्रदेश समिति द्वारा किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय शिक्षक समान समारोह कल

# सीएम 54 लाख विद्यार्थियों के खातों में ट्रांसफर करेंगे यूनिफॉर्म की राशि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस वर्ष का राज्य स्तरीय शिक्षक समान समारोह शुक्रवार को भोपाल के प्रशासन अकादमी में सुबह 10:30 बजे आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के 2 शिक्षकों को भी विशेष रूप से समानित किया जाएगा। राज्य स्तरीय समान से विभूषित शिक्षकों को समान राशि 25 हजार रुपए, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। विगत वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता शिक्षकों को विशेष समान राशि 11 हजार रुपए, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र से समानित किया जाएगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम डॉ. मोहन यादव इस वर्ष के राज्य स्तरीय शिक्षक समान से शिक्षकों को समानित करेंगे। इस अवसर पर स्कूलशिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित रहेंगे। समारोह में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 54 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में करीब 324 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की जाएगी।

## दीपावली के त्यौहार से पहले मिल सकता है डीए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** डीए की मांग कर रहे राज्य के कर्मचारियों की दिवाली के पहले खुशखबर मिल सकती है। भारतीय मजदूर संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने लंबित मांगें पूरा करने के लिए वित्त मंत्री से आग्रह किया था। मंत्री ने संघ के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अनिल भार्गव, महामंत्री कुलदीप गुर्जर, संयुक्त महामंत्री आशीष, मप्र राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री जितेंद्र सिंह को आश्वस्त किया कि सीएम एवं वित्त विभाग के अधिकारियों से चर्चा के बाद मांगों को यथाशीघ्र पूरा किया जाएगा।

# 53 ईएफए सरकारी स्कूलों में एकीकृत मीडिया प्रोजेक्ट शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड ने ईएफए (एजुकेशन फॉर ऑल) स्कूलों के लिये ब्रांड पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से एकीकृत मीडिया प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस प्लेटफॉर्म के जरिये विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संचार कौशल के साथ अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिल रहा है। स्कूल मीडिया प्रोजेक्ट भारत का प्रथम एकीकृत मीडिया प्लेटफार्म है। जिसे एक्सट्रा चाईल्डहुड के सहयोग से विकसित किया गया है। यह मीडिया प्लेटफार्म 53 ईएफए शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने, अनुभव करने और प्रदर्शित करने के साथ दुनिया से जुड़ने और संवाद करने का अवसर प्रदान कर रहा है। ईएफए स्कूल मीडिया प्लेटफार्म में विभिन्न मीडिया चौनल और मीडिया सेवाएँ शामिल है। यह केन्द्र भोपाल के शासकीय ईएफए सरोजनी नायडू कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में एक केन्द्रीयकृत स्कूल मीडिया सेंटर के रूप में संचालित हो रहा है। इस प्रोजेक्ट में 2 हजार से अधिक विद्यार्थी अलग-अलग जिलों में मीडिया



समन्वय की भूमिका निभा रहे है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और संचार कौशल का विकास हुआ है। मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित हो रहा है।

### मप्र राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड कर रहा है संचालित

### विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म

ईएफए रेडियो बच्चों के लिये एक पॉडकास्ट स्टेशन है जो उन्हें अपना रेडियो शो बनाने में मदद करता है। ईएफए टीवी यह एक यूट्यूब चैनल जहां विद्यार्थी अपने वीडियों और कहानियां साझा करते है। ईएफए का समाचार पत्र अपने सभी विद्यालयों में सभी समाचार और अद्यतन जानकारी को साझा करता है। अब तक ईएफए पत्रिका ने 500 से अधिक अंकों में 15 हजार से अधिक हस्तलिखित पृष्ठ तैयार किये है। ईएफए रेडियो स्टेशन के माध्यम से 100 से अधिक रेडियो शो तैयार किये गये है। ईएफए टीवी ने एक हजार से अधिक वीडियो बनाये है, जिन्हें 5 लाख से अधिक बार देखा गया है। ईएफए विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा 40 से अधिक विशिष्ट व्यक्तियों, शासकीय अधिकारियों और जन-प्रतिनिधियों से साक्षात्कार लिये है।

**मेट्रो एंकर** | विधिक पाठ्यक्रम विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

# पुरातन से भारतीय न्याय प्रणाली, श्रेष्ठ न्याय प्रणाली रही है : उच्च शिक्षा मंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुरातन से भारतीय न्याय प्रणाली, श्रेष्ठ न्याय प्रणाली रही है। महर्षि गौतम का न्याय दर्शन, उत्कृष्ट न्याय प्रणाली को परिलक्षित करता है। भारतीय दृष्टिकोण एवं भारतीयता के भाव को पुनः समृद्ध करने की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल स्थित पं. सुंदर लाल शर्मा केंद्रीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान के सभागार में, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विधि शिक्षण एवं शोध विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' विधिक पाठ्यक्रम÷ विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही।

मंत्री परमार ने भारतीयता के भाव को पुनः समृद्ध करने के लिए, विधिक पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भारतीय ज्ञान परम्परा के समावेश की आवश्यकता एवं महत्व पर विचार व्यक्त किए। परमार ने कहा कि भारत शिक्षा एवं न्याय सहित हर क्षेत्र में स्वयमेव समृद्ध देश रहा है, इसलिए विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित रहा है। श्री परमार ने अंग्रेजों से स्वतंत्रता के पूर्व एवं बाद में शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश स्वंतत्रता के बाद भारतीय जनमानस में स्वत्त्व का भाव जागरण नहीं किया गया। परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने हर क्षेत्र में भारतीयता के दर्शन एवं बोध के लिए व्यापक परिवर्तन का अवसर दिया है। परमार ने कहा कि देश के लगभग 2 करोड़ प्रबुद्धजनों के मंथन से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तैयार हुई है। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का मूल ध्येय, श्रेष्ठ एवं देशभक्त नागरिक निर्माण करना है। मंत्री परमार ने कहा कि भारतीय ग्रामीण परिवेश में अशिक्षित व्यक्ति भी नैतिक मूल्यों का संवाहक एवं मूल तत्व ज्ञान का ज्ञाता है। किसी को कांटा न चुभे, इसके लिए वह स्वयं रास्ते से कांटे हटाने का नैतिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण रखता है। श्री परमार ने कहा कि अंग्रेजों के रिकॉर्ड में, पराधीनता के पूर्व भारत में 7 लाख से अधिक गुरुकुल थे और यहां की साक्षरता दर 80 से 90 प्रतिशत थी, तो यहां की संतति निरक्षर कैसे हुई, यह विचारणीय है। भारतीय शिक्षा एवं न्याय सहित हर क्षेत्र में भारतीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में, भारतीय ज्ञान परम्परा समावेशी शिक्षा के लिए सतत् एवं तीव्रगति से क्रियान्वयन हो रहा है। परमार ने कहा कि प्रकृति के साथ भारतीय समाज में कृतज्ञता का भाव रहा है। प्रकृति, जल एवं सूर्य आदि समस्त स्त्रोतों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता, संरक्षण भाव से भारतीय समाज में परंपरागत रूप से स्थापित है। मंत्री परमार ने कहा कि विधि के अध्ययन-अध्यापन में भारतीय ज्ञान के समावेश के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा की आवश्यकता है। इसके लिए प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों के पुस्तकालयों को भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े साहित्य से समृद्ध कर रहे है। परमार ने कहा कि स्वतंत्रता की शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को पुनः विश्वमंच पर सिरमौर बनाने की संकल्पना में श्रेष्ठ शिक्षा पद्धति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, इसके लिए हम सभी की सहभागिता आवश्यक है। परमार ने कहा कि हमें अपनी भाषा, ज्ञान एवं उपलब्धियों पर गर्व का भाव जागृत करना होगा। मंत्री श्री परमार ने विधिक पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आलोक में आवश्यक विमर्श के लिए कार्यशाला के आयोजन के लिए आयोजक संस्थानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एवं राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक अनिरुद्ध बोस ने विधिक पाठयक्रम में आवश्यक बदलावों पर प्रकाश डाला। न्यायमूर्ति बोस ने न्यायालयों में लंबित मामलों एवं प्रकरणों की संख्या वृद्धि पर चिंता व्यक्त की।



## संपादकीय

# चीन का रूख नरम या...

हाल में चीन का भारत के प्रति रूख काफी सकारात्मक तो माना गया है लेकिन उतना ही आश्यर्चजनक भी माना जा रहा है। दरअसल, दो देशों के बीच सीमा पर तनाव रहता है, तो स्वाभाविक रूप से उनका आर्थिक विकास तक प्रभावित रहता है। लिहाजा दुनियाभर में प्रयास रहते हैं कि पड़ोसी देशों के साथ सौहार्द रहे। हालंकि वर्चस्ववादी नीतियों के चलते कुछ देशों में परस्पर टकराव रहता आया है। इसमें चीन का जिक्र सबसे पहले आता है। भारत और चीन के बीच भी लंबे समय से रिश्ते इसीलिए मधुर नहीं हो पाते कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की मर्यादा का पालन नहीं करता। वह अपनी विस्तारवादी नीति पर कायम है। जब चार साल पहले चीनी सैनिकों ने गलवान घाटी के भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण किया था तब दोनों देशों के सैनिकों के बीच टकराव हुआ। उसके बाद चीन ने भारत के हिस्से वाले छह क्षेत्रों में अतिक्रमण कर लिया था। तबसे लगातार वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष की स्थिति थी। मगर अब दोनों देशों के बीच अपने सैनिकों को वापस बुलाने और एलएसी पर 2020 से पहले की स्थिति बहाल करने पर सहमति बनी है। भारत ने इसकी सूचना जारी की थी, अब चीन ने भी पुष्टि कर दी है। चीन ने कहा है कि वह भारत के साथ मिलकर सीमा संबंधी विवाद का हल निकालने का प्रयास करेगा। हालांकि यह बेहतर रहा कि गलवान में हुए सैन्य संघर्ष के बाद भी चीन बिना किसी हील-हुज्जत के हमेशा बातचीत की मेज पर बैठता रहा। तब से सैन्य अधिकारी स्तर की बीस से अधिक बैठकें हो चुकी थीं। इसके अलावा विदेश मंत्रियों के स्तर पर भी बातचीत के कई दौर चले। इन्हीं बैठकों और बातचीत का नतीजा है कि चीन ने भारत के छह में से चार क्षेत्रों देपसांग, गलवान, हाटस्प्रिंग और पैंगोंग से अपनी सेना हटा ली थी। मगर अभी भी दौलतबेग ओल्डी और डेमचोक में उसका कब्जा बना हुआ था। भारतीय सैनिक उन क्षेत्रों में गश्त करने नहीं जा सकते थे। समझौते के अनुसार अब उन दोनों क्षेत्रों को भी खोल दिया गया है। भारतीय सेना अपने तय क्षेत्रों में गश्त कर सकेगी। भारत ने इसे चीन का सकारात्मक रुख बताया है लेकिन दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए उनकी सेनाओं का परस्पर मेलजोल जरूरी है। अगर भरोसा बढ़ेगा, तो निश्चय ही सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में भी सकारात्मक कदम आसान होगा। अभी पूर्वी लद्दाख में चीन के ताजा सकारात्मक रुख से निस्संदेह भारतीय सेना का तनाव काफी कम होगा, मगर चीन कब अपना रुख बदल ले, कहना मुश्किल है। भारत के पड़ोसी देशों यानि पाकिस्तान और श्रीलंका में विकास परियोजनाओं के जरिए उसने अपनी मौजूदगी बढ़ाने में काफी हद तक कामयाबी हासिल कर ली है। समय-समय पर वह भारतीय हिस्से वाली जगहों को अपना बताकर उनका नाम बदलता और उन्हें अपने नक्शे में दिखाता रहा है हिंद महासागर में वह अपनी मौजूदगी बनाए रखने और बढ़ाने का लगातार प्रयास करता देखा जाता है। इसलिए उचित ही भारत कोई बड़ा दावा करने से बच रहा है। मगर यह भारत की बड़ी कामयाबी कही जाएगी कि उसने बहुत सावधानी और संयम के साथ चीन को अतिक्रमण वाली जगहों से वापस लौटने को राजी कर लिया। अगर इसी तरह दोनों देश निरंतर और सकारात्मक रुख के साथ प्रयास करते रहें, तो सीमा विवाद को भी सुलझाने की उम्मीद जगती है। हालांकि चीन के किसी भी रुख पर दावे के साथ कुछ कहना मुश्किल होता है और भारत का पुराना अनुभव यही कहता है कि चीन पर नजर हमेशा रखी जाए।

अपने अंदर झांकने की हिम्मत रखो, वहां बहुत सारी कहानियां छिपी हुई हैं।

– इस्मत चुग़ताई

## आज का इतिहास

- 1296 : संत ज्ञानेश्वर ने समाधि ली।
- 1415 : इंग्लैंड ने उत्तरी फ्रांस में एजिनकोर्ट की लड़ाई जीती।
- 1760 : जार्ज तृतीय ग्रेट ब्रिटेन के राजा बने।
- 1812 : अमेरिका फ्रिगेट यूनाइटेड स्टेट्स ने ब्रिटिश पोत मैसिडोनिया पर कब्जा किया।
- 1881 : स्पेन के महान चित्रकार, मूर्तिकार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी पाब्लो पिकासो का जन्म।
- 1900 : यूनाइटेड किंगडम ने ट्रांसवाल पर कब्जा किया।
- 1902 : सांता मारिया ग्वाटेमाला में आये जबरदस्त भूकंप से 6000 लोगों की मौत।
- 1917 : बोल्शेविक (कम्युनिस्टों) व्लादिमीर इलिच लेनिन ने रूस में सत्ता प्राप्त की।
- 1920 : आयरलैंड के कॉर्क के मेयर टेरेंस मैकस्वीनी का 74 दिनों के भूख हड़ताल के बाद निधन।
- 1924 : ब्रिटिश अधिकारियों ने सुभाषचंद्र बोस को गिरफ्तार कर 2 साल के लिए जेल भेज दिया।
- 1944 : द्वितीय विश्व युद्ध में यू.एस.एस. टैंग पनडुब्बी अपने ही टारपीडो का शिकार हो गई।
- 1945 : चीन ने जापान से ताइपे पर अधिकार किया।
- 1947 : कश्मीर के महाराजा हरि सिंह ने भारत सरकार से पाकिस्तानी हमले के मद्देनजर मदद की अपील की।
- 1950 : चीन ने कोरिया की लड़ाई में उत्तर कोरिया का साथ देते हुए दक्षिण कोरिया के खिलाफ कदम रखा।
- 1951 : भारत में पहले आम चुनाव की शुरूआत हुई।
- 1964 : भारत ने अपना पहला स्वदेशी टैंक ''विजयंत' विकसित किया।
- 1983 : अमेरिकी सेना ने राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के आदेश पर छोटे से कैरेबियाई द्वीप ग्रेनाडा पर कब्जा किया।
- 1990 : मेघालय के संस्थापक और राज्य के पहले मुख्यमंत्री विलियमसन अपांग संगमा का निधन।

## निशाना

### छूटा तीर कमान से !



- कृष्णेन्द्र राय

मांग रहे अब माफ़ी ।
देकर ग़लत बयान ।।
खुद ही खुद से खो रहे ।
लगता अब सम्मान ।।
क्यों आई ये नौबत ?
चल दिए इस राह ।।
हो रहे शर्मिंदा ।
सब तो हैं गवाह ।।
बना कैसा योग ।
लिख रहे हैं गाथा ।।
छूटा तीर कमान से ।
पीटो चाहे माथा ।।
हुआ स्वत-ये भान ।
याद अचानक आई ।।
हम ही हैं सर्वोत्तम ।
दे रहे दुहाई ।।

# लोकतंत्र को राजनीति के 'पारिवारिक व्यवसाय' की चुनौती

■ विश्वनाथ सचदेव

इस बार स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिये गये अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में भाई-भतीजावाद के वर्चस्व को नकारने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि वह देश के एक लाख ऐसे युवाओं को राजनीति में सक्रिय करना चाहते हैं जिनका राजनीतिक परिवारों से कोई रिश्ता न हो। प्रधानमंत्री ने अपनी इस बात को अब फिर दुहराया है। अपने चुनाव-क्षेत्र बनारस में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'देश को परिवारवाद से बहुत बड़ा खतरा है। देश के युवाओं को सबसे ज़्यादा नुकसान इसी परिवारवाद से हुआ है।' प्रधानमंत्री की बात का कुल मिलाकर देश में अनुमोदन ही हुआ है। यह पहली बार नहीं है जब देश की राजनीति में परिवारवाद के खतरों से परिचित कराने की कोशिश हुई है। सच तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी अपनी राजनीति जिन आधारों पर चला रही है, उनमें कांग्रेस के परिवारवाद का स्थान काफी ऊंचा है। लेकिन सवाल जो उठ रहा है वह यही है कि राजनीति में परिवारवाद की इस आलोचना में ईमानदारी कितनी है?



जिस समाचार पत्र में मैंने बनारस के प्रधानमंत्री के भाषण वाला समाचार पढ़ा था, उसमें उसी पन्ने पर एक समाचार यह भी था कि महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची में ऐसे कई नाम हैं जिनका सीधा रिश्ता राजनीतिक परिवारों से है। समाचार में इस संदर्भ में कुछ नाम भी गिनाये गये थे। इन नामों में से एक पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी और दूसरे पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे का नाम भी था। राज्यसभा के एक सदस्य के छोटे भाई को भी भाजपा ने टिकट दिया है। एक और पूर्व मुख्यमंत्री के पोते को भी भाजपा का टिकट मिला है। राज्य में भाजपा के अध्यक्ष के साथ-साथ उनके भाई को भी पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया हैज्यह सूची यहीं खत्म नहीं होती। सच तो यह है कि इस तरह की सूची भाजपा तक ही सीमित नहीं है। बाकी राजनीतिक दल भी राजनीति में भाई-भतीजावाद की बीमारी के शिकार हैं। उनकी सूचियां खंगाली जायेंगी तो वहां भी यही सब देखने को मिलेगा। भाजपाई उम्मीदवारों के ये कुछ नाम तो बस इसलिए गिनाये गये हैं कि भाई-भतीजावाद के संदर्भ में प्रधानमंत्री जो कहते हैं उनकी पार्टी का आचरण उसके बिल्कुल विपरीत दिख रहा है। और यह बात भी कोई रहस्य नहीं है कि भाजपा में प्रधानमंत्री की बात ही अंतिम सच है। बजाय यह कहने के कि 'मैं यह चाहता हूं कि राजनीति में भाई-भतीजावाद का खात्मा हो', प्रधानमंत्री यह कहते हैं कि 'देखिए हमने चुनाव में किसी को इसलिए उम्मीदवार नहीं बनाया कि वे किसी राजनीतिक परिवार से जुड़ा है' तो उनकी बात का महत्व और असर कहीं अधिक बढ़ जाता। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भाई-भतीजावाद की इस संस्कृति ने हमारी राजनीति को एक पारिवारिक व्यवसाय बनाकर रख दिया है। कांग्रेस पर इसे बढ़ावा देने का आरोप कोई भी ग़लत नहीं ठहरा सकता। कांग्रेस की राजनीति मोतीलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक परिवारवाद से ग्रसित रही है। पर यह सच सिर्फ कांग्रेस पार्टी का नहीं है। हमारे देश की लगभग सभी पार्टियां इस बीमारी की शिकार हैं। हां, कम्युनिस्ट पार्टी वाले अवश्य इसका शिकार होने से बचे हुए दिखते हैं। बाकी सारे राजनीतिक दल, चाहे वे राष्ट्रीय स्तर के हों या फिर क्षेत्रीय दल हों, भाई-भतीजावाद के दलदल में डूबे दिखाई देते हैं।

जहां तक क्षेत्रीय दलों का सवाल है उनमें से कई तो हैं ही परिवारों की पार्टियां। बिहार में आर.जे.डी. को लालू-परिवार से, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को यादव परिवार से, जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार से और तमिलनाडु में द्रमुक को स्टालिन-परिवार से अलग करके कैसे देखा जा सकता है। यदि इसे 'पारिवारिक व्यवसाय' की संज्ञा दी जाती है तो क्या ग़लत है? इस सच्चाई के बरक्स दूसरी सच्चाई है कांग्रेस पार्टी की जो भाजपा के निशाने पर है। स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने तो अपने पुत्र संजय को लेकर उठे सवालों के संदर्भ में स्पष्ट कहा कि यदि व्यवसायी की संतान व्यवसायी बन सकती है, वकील की संतान वकील तो राजनेता की संतान राजनीति में आकर क्या ग़लत करती है? कुछ ऐसा ही तर्क यह भी है कि राजनेता यदि अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव का टिकट देकर आगे लाते हैं तो इसमें ग़लत क्या है? उन्हें चुनाव में जिताती तो जनता हैङ्क उन्हें हर कदम पर स्वयं को प्रमाणित करना होता है। इन दोनों प्रकार के तर्कों में कुछ सच्चाई हो सकती है, पर बड़ी सच्चाई यह है कि इस पारिवारिक राजनीति के पीछे जो ताकत है वह उसी राजशाही की है जिसे हटाकर हमने अपने को जनतांत्रिक देश घोषित किया है। इस जनतंत्र की सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि यहां हर एक को आगे बढ़ने का अवसर और अधिकार मिलता है। परिवारवादी राजनीति इसे नकारती है। इस अवसर और अधिकार का तकाज़ा है कि जनतंत्र में राजनीति को किसी की पारिवारिक संपत्ति न बनने दिया जाये। हमारे राजनेता यह समझते भले ही हों पर स्वीकारना नहीं चाहते। इसी का परिणाम है कि आज हमारे देश में न जाने कितने बड़े नेताओं की संतानें संसद या विधानसभाओं में बैठी दिख रही हैं। यह सब राजनीति में इसलिए नहीं है कि उनमें राजनीति की समझ या योग्यता-क्षमता है। उनके इस स्थिति में होने का आधार ही यही है कि वह राजनीतिक परिवार के सदस्य हैं।

लगभग चार साल पहले एक अध्ययन में यह पाया गया था कि हमारी तत्कालीन लोकसभा में 30 वर्ष से कम आयु के सभी सांसद राजनीतिक परिवारों की राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले थे! 40 साल से अधिक उम्र वाले दो-तिहाई सांसद ऐसे ही परिवार वाले थे। अध्ययन का निष्कर्ष यह था कि यदि यही गति रही तो संभव है हमारी संसद राजनीतिक परिवारों का अड्डा बन कर रह जाये—यानी फिर वही वंशवादी राजनीति जिससे छुटकारा पाने के लिए हमने जनतांत्रिक व्यवस्था को स्वीकारा था। इस व्यवस्था में वंश-परंपरा नहीं, नागरिक की योग्यता-क्षमता का स्वीकार ही किसी के राजनीति में आने का आधार है। परिवारवादी राजनीति जनतांत्रिक मूल्यों को नकारती है। ऐसा नहीं है कि राजनीतिक परिवार का होने के कारण कोई व्यक्ति राजनीति में आने लायक न समझा जाये, पर उसके राजनीति में स्थान पाने का कारण उसका परिवार नहीं होना चाहिए। माता या पिता का राजनीतिक वर्चस्व संतान को राजनीति में योग्यता का प्रमाणपत्र नहीं देता। व्यक्ति को अपनी क्षमता प्रमाणित करने का अवसर मिलना ग़लत नहीं है, पर इसका आधार किसी राजनीतिक परिवार का होना नहीं हो सकता। आज यदि प्रधानमंत्री गैर-राजनीतिक परिवारों के युवाओं को आगे लाने की बात करते हैं तो उन्हें अपनी करनी से भी यह दिखाना होगा कि वे सिर्फ जुमलेबाजी नहीं कर रहे। पर भाजपा तथा अन्य राजनीतिक दलों में जो हो रहा है वह इस संदर्भ में निराश ही करता है। यह स्थिति कब और कैसे बदलेगी, यह सोचना होगा हमें—यानी हर नागरिक को।

-साभारः यह लेखक के विचार हैं।

# भारतीय सिनेमा: जी हां, लोकल ही है ग्लोबल, इसके मूल में ही भविष्य है!

■ संदीप कृष्णराव पाटील

कोविड युग और ओटीटी प्लेटफार्मों के उदय ने दर्शकों की पसंद को काफी हद तक बदल दिया है। इससे बॉक्स ऑफिस की बिक्री में गिरावट आई है। पहले की कहानियां और कथानक, जिन्हें कभी सफलता की गारंटी माना जाता था, अब उतने दर्शक नहीं खींच पा रहे हैं। यहां तक कि तथाकथित 'स्टार्स' के सिनेमा भी अब कड़ी परीक्षा के दायरे में आ गए हैं। अब न तो प्रसिद्धि और न ही स्टारडम, सिनेमाघरों में दर्शकों को खींचने में सक्षम हो रहे हैं। आखिर, इसकी वजह क्या है?सिनेमा को अक्सर समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। फिल्म निर्माता समय-समय पर ऐसी कहानियां गढ़ने की कोशिश करते हैं, जो समाज के सूक्ष्म और व्यापक पहलुओं को दर्शाती हों। जिस तरह का सिनेमा काम करता है, वह अक्सर बड़े सामाजिक दृष्टिकोण से जुड़ता है। जैसे 1970 के दशक का 'एंग्री यंग मैन' युग, जिसमें बड़े पर्दे का नायक सामाजिक बुराइयों से लड़ता था। यह उस समय की समाज की आकांक्षाओं को दर्शाता था, जो अत्यधिक गरीबी और राष्ट्रीय आपातकाल जैसी घटनाओं से प्रभावित थी।बाद के दशकों में भी इसी तरह के सिनेमा को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। लेकिन वर्तमान में सफल सिनेमा के रुझान क्या हैं? कोविड के बाद सफल सिनेमा का पैटर्न कैसे बदला है? हम, एक समाज के रूप में, अभी भी कोविड के बाद अपनी जिंदगी को सामान्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सिनेमा पसंद भी बदल रही है। कोविड के बाद के युग में भारतीय सिनेमा उद्योग का परिदृश्य, जो विभिन्न भाषाओं और राज्यों में फैला हुआ है, एक बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

'स्टीरियोटाइप्ड कहानियों पर बना सिनेमा बॉक्स ऑफिस पर विफल हो रहा हैं। यह एक गंभीर चर्चा का विषय है। यह चर्चा हमसे दो प्रमुख सवालों के जवाब मांगती है। पहला, भारतीय सिनेमा में सफलता का नया रुझान क्या है? और दूसरा, सिनेमा प्रेमियों की पसंद में यह बदलाव क्या कर रहा है, जिससे बॉक्स ऑफिस पर खराब परिणाम आ रहे हैं? पहला सवाल बहुत पेचीदा है और इसमें कोविड के बाद की सफलता के रुझानों का विश्लेषण करना शामिल है।कोविड के बाद के परिवर्तन ने सिनेमा निर्माताओं को फिर से सोचने और सिनेमा कैसे बनाया जाए, इसकी रणनीति को फिर से संरेखित करने के लिए मजबूर कर दिया है। नई रणनीति का एक मुख्य हिस्सा है जड़ों से जुड़ी कहानियां। सिनेमा जो प्राचीन भारत या छोटे शहरों की कहानियों, टियर 2 प्लॉट्स, ग्रामीण परिदृश्यों, लोककथाओं आदि को बताता है।हाल के वर्षों की सफलताएं इस बात की पुष्टि करती हैं कि इस फॉर्मूले ने सिनेमा निर्माताओं को बड़े पैमाने पर सफलता प्रदान की है। आइए इस प्रवृत्ति को और विस्तार से समझते हैं। पिछले तीन वर्षों में, यदि ईमानदारी से विश्लेषण किया जाए, तो हमें एहसास होता है कि अधिकांश सफल सिनेमा जिनमें प्रसिद्ध अभिनेता नहीं हैं, उनमें कुछ चीजें सामान्य होती हैं, जैसे दिलचस्प कंटेंट/अवधारणा पर आधारित फिल्म निर्माण, कंटेंट जो या तो बहुत स्थानीय, बहुत ग्रामीण या बहुत मध्यमवर्गीय होती है। इन सिनेमा का उद्देश्य बड़े पर्दे पर आम लोगों की भावनाओं को प्रस्तुत करना है।



आकर्षक ग्रामीण व सामान्य अनछुए परिदृश्य कहानी कहने में योगदान देता है। यह एक खुला रहस्य रहा है कि भारतीय सिनेमा, विशेष रूप से हिंदी सिनेमा, दशकों से वास्तविक लोगों की आकांक्षाओं को पकड़ने में विफल रहा है। बल्कि, इसने अक्सर गलत चित्रण किया और देश की ग़लत तस्वीर को चित्रांकन किया। यह सब कोविड के बाद के सिनेमाई युग में धराशायी हो गया। अब बेतरतीब ढंग से रची गई कहानियां काम नहीं कर रही हैं। लोग ऐसी कंटेंट को पसंद कर रहे हैं जो सांस्कृतिक और दृश्यात्मकता दोनों रूप से अधिक जड़ों से जुड़ी हो। इस प्रवृत्ति को 'आरआरआर', 'पोन्नियिन सेल्वन', 'ब्रह्मास्त्र पार्ट वन-शिवा', 'कांतारा', 'कश्मीर फाइल्स', 'पुष्पा', '12वीं फेल', 'द केरल स्टोरी' और 'अखंडा' जैसी सिनेमाओं की सफलता में देखा जा सकता है। लेकिन क्या यह कहना सही होगा कि जड़ों से जुड़ी कहानियां सफलता का नया मंत्र हैं?

अगर हम 2024 की कुछ सफल एवं समाज पर सकारात्मक छाप छोड़ने वाली सिनेमाओं का विश्लेषण करें, तो हमें 'कल्कि 2898-एडी', 'स्त्री-2%, 'हनुमान', 'आर्टिकल 370%, 'मुंज्या' और 'लापता लेडीज' जैसी फिल्में मिलती हैं। ये फिल्में या तो एक आम आदमी की कहानी कहती हैं, या छोटे शहरों की लोककथाओं पर आधारित हैं, या फिर हमारे समृद्ध इतिहास से प्रेरणा लेती हैं। लेकिन क्या हम इसमें कोई प्रवृत्ति देख सकते हैं? आइए और गहराई से जाकर इन कहानियों को समझें। साल की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'कल्कि 2898-एडी' महाभारत और विष्णु के अवतार कल्कि पर आधारित है। सिनेमाघरों में इस सिनेमा को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली, खासकर महाभारत की घटनाओं को चित्रित करने वाले दृश्यों को सबसे ज़्यादा सराहा गया। हमारी सांस्कृतिक विरासत को भविष्य के गहनता से जोड़ने ने न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी दर्शकों से जुड़ने में सफलता पाई।

एक और फिल्म 'हनुमान' एक ग्रामीण लड़के द्वारा भगवान हनुमान की शक्तियों का पुनरुत्थान दिखाने वाली काल्पनिक कथा पर आधारित है। ग्रामीण परिदृश्य और बुराई पर अच्छाई की विजय की कहानी को दर्शकों ने बहुत पसंद किया। हमारी सांस्कृतिक कहानियों को कल्पना के साथ बुनने का यह विषय सिनेमा प्रेमियों को थिएटर तक खींच लाया।

इस साल की एक और सफल फिल्म 'स्त्री-2' है जो भारत के एक छोटे शहर की प्रेतात्मा की कहानी बताती है। सिनेमा में स्थानीय लोककथा, जिसे 'चंदेरी पुराण' के रूप में जाना जाता है, को भी शामिल किया गया, जो कई छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में आम है। इससे सिनेमा की विश्वसनीयता और बढ़ गई। यदि हम इस विश्लेषण को और आगे बढ़ाएं, तो हमें 'वेदा' जैसी फिल्में भी देखनी चाहिए, जो अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। हालांकि सिनेमा में जाति का मुद्दा अब भी एक प्रमुख थीम है, लेकिन सिनेमा में इसे इस तरह से दिखाया गया जो अब बड़े समाज का हिस्सा नहीं है और इसे एक सीमित दृष्टिकोण में देखा जा सकता है। 'लापता लेडीज' में दिखाए गए %घूंघट% की प्रथा भी एक ऐसा ही मुद्दा है। लेकिन 'वेदा' और 'लापता लेडीज' के बीच अंतर सिनेमा के कुल संदेश में है। इसलिए, सिनेमा निर्माताओं को हमारी सांस्कृतिक रूप से जड़ों से जुड़ी कहानियों को दर्शाते समय सकारात्मक और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण पर ध्यान देना चाहिए। कुछ अपवादों को छोड़कर, सांस्कृतिक रूप से जड़ों से जुड़ी कहानियों ने अपेक्षाकृत रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है।

हालांकि, क्या यह एक प्रवृत्ति है? और यह भी महत्वपूर्ण है कि क्या सिनेमा निर्माताओं ने इस पैटर्न की पहचान की है? और क्या सिनेमा प्रेमियों की पसंद में यह नया बदलाव भारतीय सिनेमा को बदलने वाला है? यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। एक पैटर्न देखा गया है कि हमारी संस्कृति और धरोहर की गहराई को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। कई लोग इसे भारत के लिए पुनर्जागरण का समय भी कह रहे हैं, जहां अपने देश की वास्तविकता को समझने और उसके साथ जीने की इच्छा बढ़ी है। लोग भारत के उन पहलुओं से जुड़े हैं जिनसे वे पहले अनजान थे। वे अब अपनी कहानियों से ज़्यादा जुड़ाव महसूस कर रहे हैं, बजाय एक सतही-सपाट दुनिया से जो वास्तविकता से कटी हुई हो। क्या यही कारण है कि बहुत सी पक्षपाती कथाओं पर आधारित कहानियों को अब कोई स्वीकार नहीं कर रहा है? या फिर ऐसी घिसी-पिटी कहानियों को, जो हमारी संस्कृति से बहुत कम जुड़ी हुई हैं, दर्शकों द्वारा अस्वीकार किया जा रहा है? यह भी देखा गया है कि इस बदलाव का एक बड़ा हिस्सा छोटे और मझोले शहरों और यहां तक कि गांवों के लोगों द्वारा प्रेरित है, जो महानगरों में भी सिनेमा देखने वालों का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं।

इस दर्शक वर्ग ने नायक पूजा से आगे बढ़ते हुए सिनेमा को एक वैकल्पिक दृष्टिकोण से देखना शुरू कर दिया है। ऑनलाइन सामग्री से अवगत हो चुके युवा अब पुराने ढर्रे वाली सामग्री से थक चुके हैं और बड़े पर्दे पर अपनी खुद की प्रासंगिक कहानियाँ देखना चाहते हैं। क्या यही कारण है कि छोटे शहरों की भावनाओं से जुड़ी कहानियाँ अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं? जब हम इस बदलाव के कारण की खोज करते हैं, तो कई सवाल सामने आते हैं, जिनमें से हर सवाल पहले से ज़्यादा जटिल होता है। लेकिन आने वाला समय ही हमें इन कारणों को थोड़ा और समझने में मदद करेगा।यह कहना सुरक्षित है कि कोविड के बाद के युग में, सिनेमा उद्योग सफलता के नए फॉर्मूलों की पहचान करने की कोशिश कर रहा है। -साभार

# अवैध रेत एवं अवैध शराब कारोबार पर नहीं हो पा रहा नियंत्रण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदापुरम संभाग में अवैध शराब एवं अवैध रेत का कारोबार बे रोकटोक चल रहा है. कमिश्नर कलेक्टर जैसे अधिकारी कई बार अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इन अवैध कामों पर अंकुश लगाने के लिए निर्देश जारी कर चुके हैं. लेकिन इन कामों पर नियंत्रण होना मुश्किल हो रहा है. संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने बुधवार को विभिन्न विभागों की समीक्षाके दौरान इन कामों के नियंत्रण पर भी निर्देश दिए. संभागायुक्त ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिले में समय समय पर अवैध शराब बिक्री, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने आज आयोजित बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, जिला आबकारी विभाग, जिला परिवहन विभाग, जिला खनिज विभाग, जिला पंजीयक, नाप तौल विभाग, वाणिज्यकर विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग तथा पिछडा वर्ग विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।



संभागायुक्त ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे एक बार पुन-स्कूल बसों की चैकिंग अभियान चलाए। ओवरलोड बसों एवं वाहनों पर कार्यवाही करें। वाहनों की सतत चैकिंग अभियान जारी रखें। संभागायुक्त ने बैठक में जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिलों में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण को सख्ती से रोके। उन्होने जिले के वरिष्ठ पंजीयकों को निर्देश दिए कि वे हितग्राहियों को बेहतर सर्विस मुहैया कराये। कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्री से वंचित न रहे। उन्होने वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि व्यापारी समय पर टैक्स रिटर्न फाईल करें इस हेतु रिटर्न फाईल करने के लिए सभी सर्किल में व्यापारियों की कार्यशाला आयोजित करें। संभागायुक्त ने नापतौल विभाग के सहायक नापतौल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तौल कांटों और बांटो की नियमित रूप से जांच करते रहें। साथ ही की गई जांचों का भी व्यापक प्रचार प्रसार करें। संभागायुक्त ने पेंशन विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुख अपने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में डेटा अपडेट रखें। उन्होने निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साईकल वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं डीपीसी को निर्देश दिए कि वे सतत रूप से स्कूलों का निरीक्षण करते रहें। बैठक में बताया गया कि नर्मदापुरम बैतूल एवं हरदा जिले में कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को 95 प्रतिशत से 98 प्रतिशत तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर दिया गया है।

संभागायुक्त ने उच्च शिक्षा विभाग एवं पिछडा वर्ग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग के द्वारा संचालित छात्रावासों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि कॉलेज के शिक्षक नियमित रूप से एवं समय पर कालेज आकर बच्चों को पढाएं।

# तकनीकी उप संचालक ने किया नर्मदापुरम सीवरेज परियोजना का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के उप परियोजना संचलाक तकनीकी शैलेन्द्र शुक्ला ने नर्मदापुरम नगर की सीवरेज परियोजना के कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। श्री शुक्ला ने कहा कि एसटीपी एवं एमपीएस अंतर्गत प्रत्येक घटकों की सूक्ष्म योजना बनाई जाये और उसी अनुसार कार्य किया जाए। ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि अगामी 10 नवम्बर तक एसबीआर की डिजाइन ड्राइंग अनिवार्य रूप से जमा करें। श्री शुक्ला द्वारा परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म को भी निर्देश दिए गए कि डिजाइन ड्राइंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करवाया जाये। उप परियोजना संचालक ने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मापदंडो को लेकर चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि अनिवार्य रूप से सेफगार्ड नियमों पालन किया जाना चाहिए।इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक एस.के उपाध्याय, सहायक परियोजना अधिकारी संजय पाण्डेय, सिविल अभियंता रौनक पोरवाल, उपयंत्री संदीप सहित पीएमसी टैक व संविदाकार के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के सहयोग से नर्मदापुरम सीवरेज परियोजना का कार्य किया जा रहा है।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग के लिए एसडीएम तहसीलदार अधिकृत

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सीहोर जिले की 156-बुधनी विधानसभा मे उप चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रवीए सिंह नेआयोग द्वारा घोषणा किये जाने के परिपेक्ष्य में तथा आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण एवं लोकहित को दृष्टिगत रखते हुये ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत सम्पूर्ण जिला सीहोर सीमा में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना उपयोग में लाने को प्रतिबंधित करता किया गया है। प्रतिबंध आदेश उप चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने या 25 नवम्बर,2024 तक प्रभाव सील रहेगा। इसके साथ ही मतदान के दिन, मतदान समाप्त होने के समय से 48 घण्टे पूर्व तक किसी भी स्थिति में प्रसार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों को उपयोग की अनुमति नहीं दी जावेगी। प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनुभागीय दण्डाधिकारी तथा उनकी अनुपस्थिति में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक के मध्य आवश्यकतानुसार मंद ध्वनि से प्रचार प्रसार में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की स्वीकृति देने के लिए अधिकृत किया जाता है। आवेदक को निर्देशित करेंगें कि वे अनुज्ञा पत्र को ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के समय, प्रचार प्रसार स्थल पर अथवा वाहन पर प्रदर्शित करेंगें। स्वीकृति आदेश की एक प्रति संबंधित पुलिस धाना प्रभारी को प्रेषित करेंगें।आदेश का उल्लंघन करने पर उपयोग में लाये जा रहे ध्वनि विस्तारक यंत्र मय अन्य उपकरणों के तत्काल जप्त कर लिया जावेगा।

## ग्रामवासी महिलाओं से आंगनबाड़ी की सेवाओं के संबंध में चर्चा की

# संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ने किया वन विस्थापित ग्रामों की आँगनवाड़ी का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम, संभाग नर्मदापुरम एच.के. शर्मा द्वारा जिला नर्मदापुरम अंतर्गत् महिला एवं बाल विकास के आदिवासी परियोजना - केसला अंतर्गत् विस्थापित ग्रामों में संचालित आंगनबाडी केन्द्र ग्राम मल्लूपुरा एवं ग्राम रतीबंदर का भ्रमण किया साथ ही विकासखंड नर्मदापुरम के आंगनबाडी केन्द्र- ग्राम बरखेड़ी का भ्रमण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र खुला पाया गया तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं आंगनबाडी सहायिका भी उपस्थित पाई गई। आंगनबाडी केन्द्र में साफ-सफाई की स्थिति ठीक पाई गई। विस्थापित ग्राम मल्लूपुरा के आंगनबाडी केन्द्र में उपस्थित ग्रामवासी महिलाओं से आंगनबाड़ी की सेवाओं के संबंध में चर्चा की गई। आंगनबाडी केन्द्र पर हैंडपंप नहीं है तत्संबंध में परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग से समन्वय कर आंगनबाडी केन्द्र में हैंडपंप स्थापित कराया जाये। आंगनबाड़ी केन्द्र में टी.एच.आर. की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। वर्तमान में माह अक्टूबर-2024 में 11 अक्टूबर से आयोजित वजन अभियान अंतर्गत आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनबाडी केन्द्र के दर्ज 0 से 6 वर्ष के बच्चों का शारीरिक माप लेने का कार्य किया जा रहा है। शारीरिक माप अभियान अंतर्गत् बच्चों का सही-सही शरीरिक माप लेने तथा शुद्ध व सटीक ऑकड़े पोषण ट्रेकर ऐप में दर्ज करने हेतु निर्देश दिये गये। कुपोषित बच्चों पर विशेष निगरानी रखने, आवश्यक उपचार कराने, स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर आवश्यक 5 प्रकार की दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने हेतु निर्देश दिये गये। आंगनबाडी केन्द्र में उपस्थित आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को एक पेड़ मों के नाम अभियान अंतर्गत् लगाये गये पौधों की 30 दिन बाद की द्वितीय फोटो वायुदूत ऐप में अपलोड करने के निर्देश दिये गये। आंगनबाडी कार्यकर्ता को नियमित रूप से निर्धारित समय पर आंगनबाडी केन्द्र खोलने, आंगनबाडी केन्द्र पर बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति, आंगनबाडी केन्द्र की साफ-सफाई रखने, एवं बच्चों को निर्धारित मीनू अनुसार समय पर गर्म ताजा पका नाश्ता / भोजन प्रदाय करने, केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा समस्त पात्र हितग्राहियों को आईसीडीएस एवं विभागीय योजनाओं से लाभांवित करने एवं संपर्क ऐप में प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यस्थल / आंगनबाडी केन्द्रों में सरल शब्दो में नैतिकता, सदाचार आदि से संबंधित अच्छे अच्छे स्लोगन का लेखन करने, व्यवहार परिवर्तन के विषय पर प्रशिक्षण, अधीनस्थों से अच्छा व्यवहार करने, बाहर से आने वाले आगुन्तकों के लिये पानी एवं बैठने की आवश्यक व्यवस्था, श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने, 01 जुलाई 2024 से लागू 03 नये कानूनों के संबंध में जानकारी प्रदान कर आवश्यक निर्देश दिये गये। 9 से 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर एवं उसके निदान के संबंध में लगाये जाने वाले टीके तथा उसके प्रचार-प्रसार करने तथा विभागीय फ्लेगशिप योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समस्त पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिये गये।

# मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष को दी जान से मारने की धमकी

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**



मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राममोहन रघुवंशी को बानापुरा सिवनी मालवा में रहने वाले व्यक्ति मनीष रघुवंशी पिता मनमोहन रघुवंशी जिनका मोबाइल नंबर 7999796573 के द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई है दोपहर में संबंधित व्यक्ति ने उनकी पत्नी के मोबाइल पर फोन लगाकर पूछा कि मैं बैंक से बोल रहा हूं उन्हें लोन लेना है संबंधित व्यक्ति द्वारा 10 बार फोन करके पूछा गया कि उनका मोबाइल नंबर बता दो मोबाइल नंबर नहीं दिया गया तथा मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया गया उसके पश्चात संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नंबर पता करके राम मोहन रघुवंशी को फोन लगाया गया तथा मोबाइल पर गली- गलौज करने लगा एवं जान से मारने की धमकी दी शाम को जब रघुवंशी बाजार गए हुए थे तब उक्त व्यक्ति उनके मकान पर आया तथा पत्नी से पूछने लगा कि राममोहन रघुवंशी कहां है मैं इसे जान से मार दूंगा आप उसका पता बताओ इस बात से परेशान होकर प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी सिवनी मालवा अमन सिंह उईके को लिखित में शिकायत की गई है तथा जब शिकायत की गई तब भी उक्त व्यक्ति का फोन आया था रघुवंशी द्वारा थाना प्रभारी को बताया गया उक्त संबंध में रघुवंशी द्वारा बताया गया कि मैं उक्त व्यक्ति को नहीं जानता हूं तथा बार-बार फोन करके परेशान किया जा रहा है यदि किसी भी प्रकार की भविष्य में घटना होती है तो उक्त व्यक्ति जिम्मेदार रहेगा।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम 24 अक्टूबर को

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 24 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे पीएम एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर में एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डॉ. नेहा सिंह ने जानकारी दी कि तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता लाने और धूम्रपान मुक्त समाज बनाने के लिए जन भागीदारी जरूरी है। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, बेहतर क्रियान्वयन और जनसमुदाय की सहभागिता से समस्त जिलों, शैक्षणिक संस्थानों को धूम्रपान मुक्त बनाए जाने के लिए सामूहिक योगदान आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के लिए स्कूल, कॉलेज, संस्थान और शासकीय विभागों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

## 3 लाख 62 हजार के फटाके मिले घर में

# बड़ी मात्रा में अवैध पटाखा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिह के निर्देशन एवं, एसडीओपी महेन्द सिह चौहान के मार्गदर्शन मे, थाना प्रभारी इटारसी गौरव सिह बुंदेला एव तहसीलदार इटारसी सुनिता साहनी व्दारा संयुक्त टीम बनाकर त्वरीत कार्यवाही करते हुए मुखबिर सुचना अनुसार महर्षि नगर इटारसी के रहवासी क्षेत्र से 3 लाख 62 हजार रुपये के अवैध पटाखे जप्त कर अपराध पंजीबध्द किया गया है।

थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि मुखबिर सुचना प्राप्त हुई कि महर्षि नगर इटारसी मे सागर चौरे व्दारा रहवासी इलाके मे अपने घर मे लापरवाही पुर्वक अवैध रुप से भारी मात्रा में विस्फोटक पटाखो का भंडारण करके रखा है, मुखबिर सुचना से तहसीलदार इटारसी को अवगत कराकर राजस्व टीम व पुलिस टीम व्दारा संयुक्त रुप से सागर चौरे के घर महर्षि नगर इटारसी मे दबीश दी गयी। सागर चौरे व्दारा उसके घर जो कि रहवासी इलाका होकर काफी भीड-भाड वाला क्षेत्र है एवं घर मे लापरवाही पूर्वक विस्फोटक पटाखे रखने से कोई बडी घटना घटित होकर आमजन की जान को खतरा होने की पुर्ण संभावना थी। सागर चौरे से उक्त पटाखे घर मे रखने के संबंध मे पुछा गया जो उक्त पटाखो को घर में रखने के संबंध मे कोई संतोषजनक जवाब नही दे पाया। सागर चौरे के कब्जे से उसके घर से 11 कार्टुन मे छोटे बडे विस्फोटक पटाखे कुल कीमती 3 लाख 62 हजार रुपये के जप्त कर सागर पिता सत्यप्रकाश चौरे निवासी महर्षि नगर इटारसी के विरुध्द विस्फोटक अधिनियक के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया है।

### जप्त सामाग्री

11 बडे कार्टुन मे छोटे बडे विस्फोटक फटाखे कुल कीमती 3 लाख 62 हजार रुपये।

### महत्वपुर्ण भुमिका

तहसीलदार इटारसी श्रीमति सुनिता साहनी, थाना प्रभारी गौरवसिंह बुंदेला, उनि राहुल पटेल, प्रआर. प्रदीप चौधरी, भागवेन्द्र परिहार, आरक्षक हरीश डिगरशे, अविनाशी हरोडे, राजेश पंवार, गंजेन्द्र डडोरे एवं राजस्व टीम की रही।

# आखिर अधिक किराया वसूलने वाली बसों पर आरटीओ को करनी पड़ी कार्यवाही

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



जिले में यात्री बसों द्वारा यात्री से मनमाना किराया कई सालों से बसूला जा रहा है। माचार पत्रों के माध्यम से तथा लिखित रुप से परिवहन अधिकारी को अवगत कराने के बावजूद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ। मुख्य मंत्री सहित आयुक्त परिवहन तक इस मामले की शिकायत की गई। आखिर यात्री बसों द्वारा यात्रियों से अवैध किराया वसूलने को लेकर आरटीओ को कार्रवाई करना पड़ा।

बुधवार को परिवहन आयुक्त के निर्देश पर आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले के नर्मदापुरम - इटारसी मार्ग पर भोपाल, बैतूल, सारणी, नागपुर, छिंदवाड़ा की ओर जाने वाली बसों पर जांच अभियान चलाया गया। जिसमे बसों में अधिक किराए, क्षमता से अधिक सवारी, तेज गति, अग्नि शमन, मेडिकल बॉक्स, किराया सूची के साथ ही समस्त वाहन संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई तथा अधिक किराया लेने पर यात्रियों को किराया वापस दिलाने के साथ ही आरटीओ अधिकारी द्वारा भविष्य में पुनरावृत्ति न करने की चेतावनी देते हुए पाए जाने पर परमिट निरस्त करने की हिदायत दी, साथ ही अन्य वाहनों की भी जांच की गई। कुल 58 वाहनों की जांच में 16 वाहन नियमाविरुद्ध पाए जाने पर 35500 हजार की चालानी कार्यवाही की गई, तथा सभी चालको को आरटीओ अधिकारी द्वारा पूर्ण नियम से ही चलने की हिदायत देते हुए बसों में सवार यात्रियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। आरटीओ जांच दल की बसों पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। जांच दल में आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के साथ समस्त विभागीय जांच दल शामिल रहा।

### डीएपी खाद की हो रही है किल्लत

# किसानों की शिकायत पर कृषि विभाग एसएडीओ ने किया खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण




सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रबी फसल की बोनी के लिए डीएपी नहीं मिलने से किसान परेशान हो रहे हैं दूसरी ओर कई खाद की दुकानों पर नकली डीएपी के साथ अधितकमों पर खाद बेचने की शिकायत भी लगातार सामने आ रही थी इसके बाद बुधवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देश पर उपसंचालक कृषि विभाग के निर्देश पर कृषि विभाग एसएडीओ वीरेंद्र मालवीय ने टीम के साथ शहर सहित क्षेत्र की उप तहसील पथरिया में निजी खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं के दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें दुकानदारों को बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक अधिनियम के तहत आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए दुकानों के सामने लाइसेंस एवं मूल्य सूची चस्पा करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री मालवीय के द्वारा दुकानों के पंजी एवं बिल बुक का अवलोकन कर सतत रूप से संधारण करने हेतु कहा गया। निरीक्षण किए गए सभी दुकानदारों को नकली खाद, बीज एवं कीटनाशकों के विक्रय करते हुए पाए जाने पर कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई।

विकासखंड में मौके का फायदा उठाने के लिए कई खाद-बीज और कीटनाशक की दुकानों पर कालाबाजारी के मामले सामने आते हैं। ठोस कार्रवाई न होने से खाद, बीज और कीटनाशक की दुकानों से कालाबाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। विकासखंड में 70 प्रतिशत दुकानें ऐसी संचालित हैं, जिनके पास सिर्फ कीटनाशक बेचने का लाइसेंस हैं, इसके बाद भी ये धड़ल्ले से खाद-बीज बेच रहे हैं। हालांकि इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने कई दुकानों पर कार्रवाई भी की है। लेकिन यह कार्रवाई एक-दो दिन चलकर ठंडे बस्ते में चली जाती है।, जिसके परिणाम स्वरुप अधिकांश दुकानदारों के द्वारा अपनी मनमानी करते हैं। नगर में ऐसी कई दुकानें संचालित हो रही है जिनके पास बीज का लाइसेंस नहीं है, फिर भी घटिया बीज का विक्रय खुलेआम हो रहा है। यही वजह है कि यह घटिया खाद-बीज का धंधा फल-फूल रहा है। क्षेत्र में गड़बड़ी करने वाले दुकानदारों पर कृषि विभाग की अधिकांश कार्रवाई नोटिस जारी करने तक सीमित है, इसके बाद आगे की कार्रवाई वहीं रुक जाती है। जिसके कारण नगर सहित क्षेत्र में बेखौफ दुकानदार खाद बीज एवं कीटनाशक का विक्रय कर रहे हैं।

## डीएपी खाद को लेकर किसान परेशान

हर साल डीएपी खाद के लिए किसानों को इसी तरह परेशान होना पड़ता है दूसरी ओर इस बार भी डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है। इसी बात का फायदा कुछ भी दुकानदारों के द्वारा उठाकर डीएपी खाद से मिलते-जुलते ब्रांड बेचकर काला बाजारी को भी अंजाम दिया जा रहा है। किसानों को चूना लगाने वालों पर विभाग के जिम्मेदारों भी कार्रवाई करने से कतराते हैं इस वजह से इस पर रोक नहीं लग पा रही । कहीं पर डीएपी खाद नहीं मिल रहा है पर उसके नाम पर मिलते-जुलते खाद जरूर मिल रहे हैं उसी को बेचकर किसानों को चूना लगाने का काम भी कई खाद बीज विक्रेताओं के द्वारा किया जा रहा है ।भोले भाले किसान इस बात को जानते नहीं है। ऐसे दुकानदारों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए पर कार्रवाई नहीं होने से इस वजह से किसानों को नकली खाद भी कई जगह खुले दिया जा रहा है।। कई किसान तो डुप्लीकेट डीएपी को भी असली समझकर ले जा रहे हैं वही अभी भी जो खाद सरकार के द्वारा दिया जा रहा है उसके प्रति कृषकों भी जागरूक नहीं कर पाए हैं इस वजह से किसान अभी भी डीएपी खाद के लिए चक्कर लगा रहे हैं कुछ दुकानदार इसी बात का फायदा उठाकर अधिक राशि भी रसूल रहे हैं और डीएपी के नाम पर दूसरा खाद देकर किसानों को गुमराह भी कर रहे हैं ऐसी दुकानों की भी जांच करके कार्रवाई होनी चाहिए पर कार्रवाई नहीं होती है जांच के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है इस वजह से नकली के कारोबार पर भी रोक नहीं लग पा इस।

### आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए स्वतंत्र

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित निर्वाचन के दौरान हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंध

सीहोर, दोपहर मेट्रो।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सीहोर जिले की 156-बुधनी विधानसभा मे उप चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। जिसके अनुसार आयोग व्दारा राजनैतिक दलो और अभ्यर्थियों के लिए आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। आचार संहिता के तहत सभी दलो एवं अभ्यर्थियों को ऐसे सभी कार्यों से बचना चाहिए, जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण और अपराध हैएवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान ऐसा कोई कृत्य न तो स्वयं करें और न ही अपने प्रतिनिधियों के व्दारा करना चाहिए, जिससे शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव में व्यवधान उत्पन्न हो ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने बुधनी विधानसभा उपनिर्वाचन स्वतंत्र , निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों करने के निर्देश जारी किये है। निर्वाचन के दौरान हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंध संबंधी निर्देश दिये गये है। जिसमें जिले के सभी पुलिस अधिकारियों एवं सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारियों से उनके क्षेत्र में निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण के लिए निर्वाचन अवधि के दौरान सभी प्रकार के हथियारों के प्रदर्शन पर रोक अत्यावश्यक है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुक्रम में बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के समय कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं मतदान केन्द्रों पर बलात कब्जा करने की घटनाओं की रोकथाम एवं मतदाताओं/मतदान से संबद्ध अधिकरियों/कर्मचारियों को डराने-धमकाने एवं अनुचित घटनाओं की रोकथाम के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत तुरन्त कार्यवाही की जाना वांछनीय है।प्रतिबंधात्मक आदेश के तहतकोई व्यक्ति बंदूक, विस्फोटक सामग्री, किसी भी प्रकार का आग्नेय शस्त्र तथा प्राणघातक धारदार हथियार लेकर सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शन नहीं करेगा।

दिव्यांग तथा वृद्ध व्यक्तियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर लाठी, डंडे लेकर नहीं घूमेंगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह साम्प्रदायिकता, जातिगत विद्वेष भड़काने वाले भाषण नहीं करेगा और न उसमें सम्मिलित होगा। तथा सोशल मीडिया पर भी कोई व्यक्ति इस संबंध में न तो पोस्ट करेगा और न ही कमेन्ट करेगा।कोई भी व्यक्ति ईट, पत्थर, सोडावाटर की बोतलें, ऐसिड या घातक पदार्थ एकत्रित नहीं करेगा जिसके उपयोग से चोट पहुंचाई जा सकती है। कोई भी व्यक्ति ऐसी अफवाहें नहीं फैलायेगा, जिससे जनसाधारण में भय का वातावरण उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा, जिसके कारण शैक्षणिक संस्थायें, होटल, दुकानें, उद्योग एवं निजी तथा सार्वजनिक सेवाओं में व्यवधान हो।इस आदेश का उल्लघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत कार्यवाही की जा सकेगी।

# जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित



सीहोर, दोपहर मेट्रो।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण एवं जागरूकता कार्यक्रमआयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण एवं जागरूकता के बारे में नवनियुक्त शिक्षकों को एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ नेहा सिंह ने तंबाकू से होने वाली बीमारियों के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहायक संचालक शिक्षा सुश्री सलोनी शर्मा एवं जिला नोडल अधिकारी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## नाम निर्देशन पत्र जमा करने के पांचवे दिन चार अभ्यर्थियों ने जमा किया नाम निर्देशन पत्र

**सीहोर।** बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया चल रही है। आज 23 अक्टूबर 2024 को चार अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए। जिसमें क्रांति जनशक्ति पार्टी के अभ्यर्थी श्री रामप्रसाद पटेल, समाजवादी पार्टी के अभ्यर्थी श्री अर्जुन, जयप्रकाश जनता दल के अभ्यर्थी श्री पंकज मौर्य तथा रॉईट टू रिकॉल पार्टी के अभ्यर्थी श्री अभिषेक चौधरी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 निर्धारित है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी तथा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 निर्धारित है। मतदान 13 नवम्बर 2024 को होगा तथा मतगणना 23 नवंबर 2024 को की जाएगी।

# बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के चलते शस्त्र अनुज्ञाप्तियों और गोला बारूद की दुकानों की जाँच

सीहोर, दोपहर मेट्रो।



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन को देखते हुए पूर्व अपराधी घोषित, फरार, भगोड़ा अपराधियों की थानेवार, सूची एक विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही कि जावें। लम्बित वांरटो, चालानो की स्थिति में सुधार लाने के लिये. विशेष अभियान चलाया जाकर, तामीली कार्यवाही की जावें। पूर्व निर्वाचनों के दौरान पंजीबद्ध अपराधों में अन्वेषण और अभियोजना के कार्य में प्रगति लाई जावे। शस्त्र अनुज्ञाप्तियों और गोला बारूद की दुकानों की जाँच निरंतर की जावे तथा अनियमितता में लिप्त होने, राजनैतिक होने एवं पूर्व इतिहास को देखते हुए, कड़ी निगरानी रखी जावे।एक विशेष अभियान चलाकर, जिले में अवैध हथियारों की खोजबीन जाँच पड़ताल की जाये। इसी प्रकार अवैध शराब बिक्री करने वाले क्षेत्रों/स्थानों में भी अभियान चलाकर कार्यवाही की जावे।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान आचरण संहिता का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। सम्पत्ति विरूपण अधिनियम की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही की जावे।उप निर्वाचन के दौरान नागरिकों को शांति पूर्ण जीवन यापन, लोक शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिये अपराधियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जावे।ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग, निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप राजनैतिक दलों द्वारा किया जावे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जावे।उप निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों के द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप ही वाहनों का उपयोग किया जावे, वाहनों के दुरूपयोग, होने पर कार्यवाही की जावे। अनाधिकृत वाहनों के संचालन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावे।इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दल द्वारा अपना प्रचार प्रसार करने के लिये लोगों को अपनी नीति एवं उद्देशों से आकर्षित करने के लिए सभाओं, रैली व अन्य माध्यमों से किया जायेगा, इन कार्यक्रमों में कानून व्यवस्था बनी रहे, इस के लिए प्रत्येक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाये।

# भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने एलबीएस कॉलेज में किया वित्तीय साक्षरता शिविर

सीहोर, दोपहर मेट्रो।

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से राम नागर और विशिष्ट अतिथि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया सिरोंज ब्रांच के मैनेजर जितेन्द्र आर्य द्वारा विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता के गुण सिखाए गए।

आयोजन भारतीय रिजर्व बैंक के 90वीं वर्षगाँठ के अवसर पर मध्यप्रदेश में विदिशा जिले के अंतर्गत शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ? लालचन्द्र राजपूत द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया सिरोंज ब्रांच के मैनेजर जितेन्द्र आर्य द्वारा वित्तीय जागरूकता हेतु बैंक से संबंधित भूमिका जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से राम नागर द्वारा पावर पॉन्ट प्रसेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता के अंतर्गत बचत, निवेश और वित्तीय साक्षरता की अवधारणाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई और उपभोगता संरक्षण के बारे में नियमों के बारे में बताया। आधुनिक युग में साक्षरता के साथ-साथ वित्तीय और आर्थिक साक्षरता भी जरूरी है। तकनीक के विकास के साथ में आर्थिक अपराध और वित्तीय धोखा-धड़ी से बचने के लिए सावधानी रखनी चाहिए। मोबाइल बैंकिंग या यूपीआई एप्लिकेशन से संबंधित ओटीपी, पासवर्ड आदि किसी को शेयर न करें।

# जिले में सबसे अधिक 9 केंद्रों पर 25 से समर्थन मूल्य खरीदारी प्रारंभ

## 19 का भेजा था प्रस्ताव 9 की मिली मंजूरी

सीहोर, दोपहर मेट्रो।

25 अक्टूबर से सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदारी प्रारंभ करवाई जाएगी किसने की सुविधा के लिए विकास खंड में 19 केंद्र बनाने के लिए एसडीएम के द्वारा प्रस्ताव बनाकर भेजा था पर जिले से 9 केदो की मंजूरी मिली हुई है जो जिले में सबसे अधिक केंद्र बताए जा रहे हैं। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि समर्थन मूल्य केंद्रों पर खरीदी करने से पहले सभी व्यवस्थाओं के साथ तुलाई करवाई जाएगी इसके लिए समिति संचालक को खरीदी करने के लिए निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं इन केदो पर होगी खरीदारी सेवा सहकारी समिति तरवरिया, विपणन सहकारी समिति सिरोंज, सेवा सहकारी समिति अनूपपुर ,परसोरा ,सियालपुर चाठोली भौरा एवं दीपना खेड़ा के समर्थन मूल्य पर समितियां के द्वारा सोयाबीन, उड़द आदि खरीदने का काम किया जाएगा यहां पर खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी न उसके लिए लगातार निरीक्षण भी होगा उचित इंतजाम भी किए गए हैं।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एमडी आराधना पटनायक ने जिले में स्वास्थ्य केन्द्रों तथा अस्पताल का किया निरीक्षण

**रायसेन।** स्वास्थ्य विभाग भारत सरकार की अतिरिक्त सचिव तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एमडी आराधना पटनायक द्वारा बुधवार को रायसेन जिले के सांची विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सलामतपुर, उप स्वास्थ्य केन्द्र ढकना-चकना तथा सांची अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सेवाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन, एएनसी, पीएनसी, लैबोरेट्री डिलीवरी प्रबंधन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा आशा कार्यकर्ताओं से संवाद भी किया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



**मेट्रो एंकर**

### मतदान दल के कर्मचारियों से मतदान प्रक्रिया के बारे में कलेक्टर ने पूछे कई सवाल

# सुगमता से मतदान कराने मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें : कलेक्टर

सीहोर, दोपहर मेट्रो।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने विधानसभा उप निर्वाचन को सुचारू एवं निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए सीहोर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलों के अधिकारियों कर्मचारियों को दिये जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य में सबसे बड़ी भूमिका मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी की होती है। मतदान सम्पन्न कराने वाले अधिकारी कर्मचारी जितनी गम्भीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उतनी सरलता के साथ बिना किसी व्यवधान के निर्वाचन सम्पन्न कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीयू, बीयू और वीवीपैट का प्रशिक्षण पूरी रुचि और जिज्ञासा के साथ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एंव वीवीपैट के बारे में पूरी जानकारी होना चाहिए। वे ईवीएम व वीवीपैट के बारे में अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर ले, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सुव्यवस्थित मतदान कराने में कोई परेशानी ना हो।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीर श्री सिंह ने कहा, कि मतदान दलकर्मी निर्देशिका पुस्तिका का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रयोगात्मक तरीके से मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन विधि लागू करने, मतदाता की पहचान का सत्यापन, अमिट स्याही लगाने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, प्रपत्रों की पूर्ति, मतपत्र लेखा तैयार करने, टेण्डर वोट, चैलेंज वोट आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रशिक्षण में ईवीएम व वीवीपैट का हेण्ड ऑन की प्रक्रिया के बारे पूछा गया एवं ईवीएम व वीवीपैट के संचालन के बारे में प्रशिक्षनार्थियों सवाल पूछे। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री आनंद सिंह राजवात तथा सभी मास्टर ट्रेनर सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

### सीयू , बीयू एवं वीवीपैट के संचाल के बारे में पूछे सवाल

कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान अनेक पीठासीन अधिकारियों से सीयू, बीयू और वीवीपैट को आपस में कनेक्ट कर संचालित करने के बारे कलेक्टर श्री सिंह ने तीनों मशीनों की कार्यप्रणाली के बारे में प्रशिक्षार्थियों से कई सवाल भी पूछे। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतदान कर्मियों को ईवीएम द्वारा संचालित निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी होनी चाहिए।

### कैसे करें मतदाता की पहचान

कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने मतदान दल के कर्मचारियों से मतदाता की पहचान करने के संबंध में पूछा। मतदाता को मतदाता पर्ची के साथ किन दस्तावेजों को साथ लाना चाहिए। उन्होंने मॉक पोल के बारे में भी मतदान दलों के कर्मचारियों से सवाल पूछे।

बेड के बगल में फर्श पर नग्न अवस्था में मिली लाश, मौत के कारण अज्ञात

# निजी बैंक की इंश्योरेंस अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित निमल पैलेश में किराए से रहने वाली निजी बैंक की इंश्योरेंस शाखा की अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी लाश बंद मकान में बेड किनारे फर्श पर पड़ी हुई मिली। शरीर पर कपड़े नहीं होने से मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार नेहा विजय वर्गीय पिता स्वर्गीय राजेंद्र विजयवर्गीय (36) मूलतः राजगढ़ जिले की रहने वाली थी। वह निर्मल पैलेश बी-137 अवधपुरी में किराए के कमरे में रहती थी। मकान मालिक नीचे रहता है, जबकि सेकंड फ्लोर पर बने कमरे में नेहा अकेली रहती थी। नेहा होशंगाबाद रोड स्थित निजी बैंक की इंश्योरेंस शाखा में नौकरी करती थी। परिजन ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही वह कॉल अटैंड नहीं कर रही थी। मकान मालिक को कॉल कर बात करने का कहा। शाम को मकान मालकिन नेहा के कमरे के बाहर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस की टीम एंबुलेंस लेकर पहुंची। इसके बाद खिड़की से बांस डालकर दरवाजा खोला गया। इस दौरान कमरे में अंदर नेहा की लाश बेड किनारे नग्न अवस्था में पड़ी नजर आई।

### मुंह से झाग निकला

नेहा के परिवार में मां के अलावा दो छोटी बहने हैं। बहनों की वह शादी कर चुकी है। मां अक्सर भोपाल आती थी और नेहा के पास रुकती थी। पुलिस का पुलिस का कहना है कि नेहा के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मुंह से जरूर झाग आया है। अनुमान है कि नेहा ने कोई जहरीला पदार्थ खाया है। दरवाजा अंदर से बंद होने और मुंह से झाग आने के कारण पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी फाटक पर कल बुधवार शाम एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पास अस्पताल का पर्चा मिला था। इसके अलावा पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल किया था। हुलिया वायरल करने के बाद मृतक की पहचान कर ली गई है। हालांकि मृतक के परिजन अभी मर्चूरी नहीं पहुंचे है। उनके मर्चूरी पहुंचने के बाद शव दिखाया जाएगा। तभी पहचान सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस के अनुसार कल बुधवार शाम ऐशबाग स्थित बरखेड़ी फाटक से पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया था। युवक के पास अस्पताल का पर्चा मिला और उसकी उम्र 45 साल लिखी हुई?थी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए और मृतक के बारे में जानकारी मिल गई। मृतक रेवड़ी गली जहांगीराबाद का रहने वाला है।



## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ममेरे भाइयों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव परसोरा में कल बुधवार शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ममेरे भाइयों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा गया। पुलिस का कहना है?कि गंभीर घायल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। उसके होश में आने के बाद ही हादसे के सही कारणों का पता चल सकेगा।पुलिस के अनुसार लक्ष्मण पिता रंगलाल अहिरवार (37) गांव देवखेड़ी, थाना मलावर, जिला राजगढ़ में रहता था और मजदूरी करता था। कल बुधवार शाम वह अपने ममेरे भाई कैलाश अहिरवार के साथ बाइक से अपने ससुराल ग्राम गवा चांदबड़, जिला सीहोर जाने के लिए निकला था। दोनों बाइक से गांव परसोरा के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्मण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल कैलाश का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# चार साल की बच्ची से तेरह साल के चचेरे भाई ने किया दुष्कर्म

प्राइवेट पार्ट में दर्द होने के बाद बच्ची के परिजन लेकर पहुंचे थाने, पुलिस ने दर्ज किया दुष्कर्म का मामला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्ची से दुष्कर्म उसके 13 साल के चचेरे भाई ने किया है। वह खेलने के बहाने अपने घर बच्ची को लेकर पहुंचा और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की जानकारी परिजन को उस समय लगी, जब बच्ची ने प्राइवेट पार्ट में दर्द होने की शिकायत की। मां ने प्राइवेट पार्ट देखा और बच्ची से पूछताछ की। इस दौरान बच्ची ने अपने चचेरे भाई के द्वारा दुष्कर्म किए जाने की बात बताई। परिजन उसे तत्काल थाने लेकर पहुंचे, वहां चचेरे भाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बाल अपचारी को हिरासत में ले लिया है।



पुलिस के अनुसार 4 साल की बच्ची इलाके में रहती हैं। उसके पड़ोस में उसके चाचा का मकान है। करीब एक महीने पहले उसका चचेरा भाई उसे खेलने का कहकर अपने घर ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को प्राइवेट पार्ट में दर्द हुआ और वह रोते हुए घर पहुंची। उसने मां को प्राइवेट पार्ट में दर्द होने की बात बताई। मां ने बच्ची का प्राइवेट पार्ट चेक किया तो उन्हें स्वेलिंग और रेडनेस नजर आई। वह तत्काल बच्ची को लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। बालअपचारी पूर्व में भी बच्ची के साथ गंदी हरकत कर चुका है।

**मेडिकल कराया, हिरासत में बाल अपचार:** पुलिस ने बच्ची को मेडिकल करा लिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों एक ही परिवार के है और आरोपी पक्ष द्वारा ऐसी घटना होने से इंकार किया था, लेकिन मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। लिहाजा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संरक्षित स्मारक गोलघर से तड़ित चालक की केबिल काटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहजहांनाबाद स्थित राज्य संरक्षित स्मारक गोलघर में लगे तड़ित चालक की बदमाश केबिल वायर काट ले गए। चोरी गए केबिल वायर की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि फरियादी डॉक्टर अहमद अली तकनीकी सहायक और गोलघर प्रभारी हैं। उन्होंने संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय की तरफ से एक शिकायती आवेदन दिया था। शिकायत में बताया गया कि संरक्षित स्मारक गोलघर को आकाशीय बिजली के प्रकोप से बचाने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की तरफ से तड़ित चालक यंत्र लगाया गया था। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान पता चला कि गोलगर परिसर के बी ब्लाक में लगे तड़ित चालक यंत्र की केबिल वायर कटी हुई है। स्मार की सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा गार्डों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। वर्तमान में यहां बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य भी चल रहा है, जिससे ठेकेदार के मजदूर भी रहते हैं। गोलघर स्मारक में लगे तड़ित चालक यंत्र कि केबल चोरी स्मारक की सुरक्षा में गहन चूक है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

एक लुटेरा गिरफ्तार, तीन लूट की वारदातों का खुलासा, साथी लुटेरे की तलाश जारी

## खिलाड़ियों से चलती बाइक पर मोबाइल झपटा, पीछा कर पकड़ा तो रॉड से हमला



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला पति रेलवे स्टेशन के सामने बाइक सवार खिलाड़ियों से मोबाइल झपटने वाले लुटेरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उससे लूट की तीन वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपी के साथी की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी ने नई हंटर बाइक फायनेंस कराई थी और इसी बाइक से लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार दाउद सिद्धिकी पिता स्व। जकी सिद्धिकी (29) पिपलिया पेंदे खां में रहते हैं और वह खिलाड़ी हैं। मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे वह अपने साथी शाकिर अली के साथ उसकी स्टार स्पोर्ट बाइक पर पीछे बैठकर अंकुर मैदान 6 नंबर से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान वे मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। रानी कमलापति के प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर पहुंचते ही नीले काले रंग की हंटर बाइक पर आए दो लुटेरों ने अपनी बाइक उनकी बाइक के बगल में लाई और पीछे बैठे लुटेरे ने दाउद के हाथ से मोबाइल झपट लिया। मोबाइल झपटने के बाद लुटेरे तेजी से बाइक चलाते हुए नर्मदा अस्पताल की तरफ भागने लगे। दाउद और शाकिर ने उनका पीछा किया और वंदे मातरम चौराहा पर रोक लिया। लुटेरों को रोकने पर मोबाइल छीनने वाले लुटेरे ने दाउद पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। पाइप दाउद के गाल पर दाहिने तरफ लगा है। दाउद और शाकिर ने हमलावर लुटेरे को पकड़ लिया था, जबकि उसका साथी मौके पर बाइक छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद आरोपी को थाने लेकर पहुंची। आरोपी की पहचान जाफर पिता बाबर अली (27) संजय नगर बस्ती, मेन रेलवे स्टेशन के पास ईरानी डेरा के रूप में की गई। आरोपी से पूछताछ में लूट की अन्य दो वारदातों का भी खुलासा किया गया है।

# जेब खर्च के लिए पैसे नहीं देने पर बीकॉम के छात्र ने जहर खाकर खाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



कोलार थाना क्षेत्र स्थित नयापुरा में मंगलवार दोपहर बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पहले छात्र के बयान नहीं हो सके हैं। परिजन से प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि उसने जब खर्च के लिए रुपए मांगे थे। पिता ने रुपए देने से इंकार कर दिया। इसी के चलते उसने यह कदम उठाया है।

पुलिस के अनुसार नयापुरा कोलार रोड निवासी सतेन्द्र मारण पिता जसमान सिंह मारन (20) बी कॉम प्रथम वर्ष का छात्र था। पिता जसमान सिंह खेती-किसानी करते हैं। मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अचानक सतेन्द्र उल्टियां करने लगा और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे निजी अस्पातल पहुंचे। वहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि सतेंद्र जहर खाने के बाद से ही बेसुध था और उसके बयान नहीं हो सके। रात में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन से पूछताछ में पता चला कि सतेन्द्र ने अपने पिता से जेब खर्च के पैसे मांगे थे। उसने कहा था कि उसे रुपए की जरूरत है और जरूरी काम है। पिता ने उसे फटकार लगाते हुए कहा था कि कुछ दिन पहले ही उसे जेब खर्च दिया था। इतने जल्दी रुपए कैसे खर्च हो गए। गुस्से में सतेन्द्र अपने कमरे में गया और जहर खा लिया। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

## ऑटो चालक ने ठेले वाले से की मारपीट

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया इलाके में एक आटो चालक और उसके साथी ने फलफरूट का ठेला लगाने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक तुलसीराम पंथी (50) गरीब नगर छोला मंदिर में रहते हैं और ठेले पर फेरी लगाकर फल फरूट बेचने का काम करते हैं। मंगलवार दोपहर वह करारिया फार्म की तरफ से ठेला लेकर आ रहे थे। कोच फैक्ट्री के पास एक आटो चालक और उसका साथी मिले। दोनों ने केला और सीताफल का रेट पूछा तो तुलसीराम ने बता दिया। उसके बाद दोनों उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आटो चालक के साथी ने तुलसीराम के मुंह पर घूंसा मार दिया, जिससे उनके दांतों से खून निकलने लगा। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो दोनों वहां से भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## दोस्त के साथ पी शराब, एटीएम चुराकर खाते से निकाले पौने चार लाख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एक युवक ने अपने शराब दोस्त को जमकर शराब पिलाई और उसके पास रखा पिता का एटीएम कार्ड चुरा लिया। चोरी किए एटीएम कार्ड से पांच दिन के अंतराल में अलग-अलग एटीएम बूथ से तीन लाख 72 हजार रुपए निकाल लिए और उन पैसों से ऐश करता रहा। घटना कटारा हिल्स थाना क्षेत्र की है। खुलासा होने पर फरियादी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी से दो लाख 37 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं जबकि पांच दिन में उसने एक लाख 35 हजार रुपए अय्याशी करने में उड़ा दिए।

> **5 दिन में एटीएम से निकाले रुपए, कूलर, फ्रिज मोबाइल खरीदा, पत्नी को कराई खरीदारी**
>
> **दोस्तों को दी पार्टी, खेला जुआ, पांच दिन में उड़ा दिए एक लाख 35 हजार**

पुलिस के अनुसार कटारा हिल्स थाने के पीछे रहने वाला मोहन राठौर (25) पुताई का काम करता है। वह शराब पीने का आदी है। मोहन पिता एक एटीएम कार्ड इस्तेमाल करता था। विगत 17 अक्टूबर को चह अपने दोस्त शुभम गौर निवासी अवधपुरी के साथ घूम रहा था। इस बीच दोनों झागरिया कलारी के पास पहुंचे और मोहन ने वहां से शराब खरीदी। शराब के पैसे उसने पिता के एटीएम कार्ड से चुकाए थे। दुकानदार को पैसे देते समय शुभम ने उसके एटीएम कार्ड का पासवर्ड देख लिया था। उसके बाद शुभम गौर ने मोहन राठौर को जमकर शराब पिलाई। नशे में बेसुध होने पर शुभम ने मोहन की जेब से एटीएम कार्ड चुरा लिया। मोहन राठौर का एटीएम कार्ड चुराने के बाद शुभम ने 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के बीच पांच दिन के दौरान कार्ड का इस्तेमाल कर तीन लाख 72 हजार रुपए अलग-अलग एटीएम बूथ से निकाल लिए।

**घर के लिए खरीदा फ्रिज, कूलर व मोबाइलः** एसआई सविता ने बताया कि आरोपी शुभम गौर ने चोरी किए एटीएम कार्ड की मदद से पैसा निकालकर घर के लिए फ्रिज व कूलर खरीद लिया। उसने अपने लिए एक मोबाइल भी खरीदा।

## आठ दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राजधानी में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पिछले चौबीस घंटों के भीतर बदमाश विभिन्न इलाकों से आट दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांधी नगर थानांतर्गत राजाभोज आवासीय परिसर में रहने वाले दिनेश सिंह के घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी चली गई। इसी प्रकार गोंदरमऊ में रहने वाले लखन वर्मा के घर के सामने खड़ी दो बाइकें चोरी हो गई। शक्ति परिसर कलखेड़ा रोड रातीबड़ में रहने वाले चंचलेश नायक, गोविंदपुरा स्थित कस्तूरबा नगर से दीपेश गुप्ता और गौतम नगर से दीपाली सिंह, गांधी मार्केट पिपलानी से छगनलाल गुप्ता और हनुमानगंज स्थित भोपाल टाकीज के पास से शीतल वर्मा की स्कूटर चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सफर के दौरान फिर चार यात्रियों के मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में मोबाइल फोन और सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है। पिछले दिनों सफर के दौरान चार यात्रियों के कीमती मोबाइल फोन चोरी हो गए। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी हेमंत वानखेड़े केरला एक्सप्रेस में नागपुर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना मोबाइल चार्जिंग पाइंट पर लगाया और सो गए। भोपाल स्टेशन पहुंचने से पहले नींद खुली तो 10 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। इसी प्रकार सतना निवासी अरुणेंद्र सिंह कुशवाह स्पेशल ट्रेन के जनरल कोच में भोपाल से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना फोन चार्जिंग पाइंट पर लगाया था। संत हिरदाराम नगर स्टेशन आने से पहले नींद खुली तो 15 हजार का मोबाइल फोन गायब था। इधर, मुरैना निवासी कमल किशोर प्रजापति झेलम एक्सप्रेस से ग्वालियर से भोपाल परीक्षा देने आए थे। रात होने के कारण वह प्लेटफार्म क्रमांक एक स्थित वेटिंग एरिया में सो गए। तड़के करीब सवा तीन बजे नींद खुली तो जेब में रखा 10 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन गायब था। महिला के पर्स से मोबाइल चोरी इंदौर निवासी सीमा शर्मा अपने बेटे के साथ ओवर नाईट एक्सप्रेस में जबलपुर से इंदौर की यात्रा कर रही थी। इस दौरान उन्होंने अपना पर्स सीट पर सिरहाने रखा था। भोपाल रेलवे स्टेशन पर उनकी नींद खुली तो पर्स की चैन खुली मिली। चेक करने पर अंदर रखा टेक्नो कंपनी का मोबाइल फोन गायब था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 8 हजार रुपये बताई गई है। इसी प्रकार श्रीधाम एक्सप्रेस में पिपरिया से निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे एक युवक का पिट्ठू बैग चोरी हो गया। बैग में 65 हजार रुपये कीमत का लैपटाप और चार्जर समेत अन्य सामान रखा हुआ था।

मेट्रो एंकर

साइबर जालसाजों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

# इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर 35 लाख की ठगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अरेरा कालोनी में सायबर ठगों ने बुजुर्ग को 35 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने इंश्योरेंस पॉलिसी मिच्यौर होने पर उसके भुगतान के बदले 35 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाएं हैं। ठगी का एहसास होने पर बुजुर्ग ने हबीबगंज पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जालसाजों के मोबाइल नंबर के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार अतुल कुमार (69) अरेरा कालोनी में रहते हैं। वे अर्धशासकीय विभाग से रिटायर है और शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का काम करते हैं। करीब 3 महीने पहले उनकी एक इंश्योरेंस पॉलिसी मिच्यौर हुई थी, जिसका उन्हें करीब 45 लाख रुपए मिलना था। इस दौरान उनके पास अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया। कॉलर ने पॉलिसी मिच्यौर होने की जानकारी देते हुए भुगतान का प्रोसेस शुरू करने के लिए 55 सौ रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। उसकी बातों में आकर अतुल कुमार ने उसे बताए गए यूपीआई नंबर पर पेमेंट कर दिया। उसके बाद जीएसटी चार्ज, बैंक चार्ज, एनओसी समेत विभिन्न प्रकार की प्रोसेसिंग फीस के नाम पर जालसाज ने 35 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। अतुल ने अपने दो-तीन बैंक एकाउंट से जालसाजों के आधा दर्जन मोबाइल नंबरों पर उक्त राशि अलग-अलग समय और दिनांक में ट्रांसफर की थी। बाद में उन्हें पता चला कि यह रुपए इंश्योरेंस वाले नहीं, बल्कि सायबर जालसाजों के पास जा रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत हबीबगंज पुलिस से की। पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### ऑनलाइन जॉब में रोज एक से पांच हजार रुपए कमाने का झांसा देकर साढ़े छह लाख की ठगी

**भोपाल।** ऑनलाइन जॉब में प्रतिदिन एक हजार से लेकर पांच हजार रुपए तक कमाने का प्रलोभन देकर सायबर ठग ने बेरोजगार को साढ़े छह लाख रुपए का चूना लगा दिया। सायबर क्राइम ब्रांच ने बेरोजगार युवक की रिपोर्ट पर अज्ञात जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार अरविंद कुमार पटेल (35) रातीबड़ में रहते हैं। बीते अगस्त महीने में उन्होंने एक नौकरी का विज्ञापन देखा था, जिसमें टेलीग्राम पर टॉस्क पूरा कर रोजाना 1 हजार से 5 हजार रुपए तक कमाने की जानकारी दी गई थी। अरविंद ने दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो तीन बार उसका इंटरव्यू लिया गया। इस दौरान उससे नाम, पते और बैंक एकाउंट समेत सभी प्रकार की जानकारी पूछी गई। बाद में उसे मोबाइल पर टेलीग्राम डाउनलोड करवा कर एक ग्रुप पर जोड़ा गया। टास्क पूरा करने पर सबसे पहले उसे कमीशन के नाम पर 123 रुपए का भुगतान किया गया था। उसके बाद तेरह सौ रुपए का भुगतान किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022